# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 240 । भोपाल, बुधवार 30 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



पूर्व केन्द्रीय मंत्री के गृह जिले में भाजपा की टिकट के लिए होड़ — पृष्ठ 2

▪ राजनीतिक घुसपैठ ने भारतीय उच्च शिक्षा को संकट में डाला
▪ लोकसभा चुनाव के लिए है इंडिया गठबंधन, राज्यों के चुनाव के लिए नहीं — पृष्ठ 4

▪ बाजार ठेका होगा निरस्त, सीवर लाइन ठेकेदार को भुगतान की होगी जांच — पृष्ठ 6

स्वनिधि योजना में मप्र दूसरे स्थान पर, हासिल किया 88 प्रतिशत लक्ष्य — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### 4 देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र प्रस्तुत किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को एस्तोनिया, यूक्रेन, बुर्किना फासो और नॉर्वे के नव नियुक्त राजदूतों से परिचय-पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इन राजनयिकों में एस्टोनिया गणराज्य की राजदूत श्रीमती मार्जे लुप, यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक, बुर्किना फासो के बुर्किना फासो के राजदूत डॉ. डिज़ायर बोनिफेस सोम और नॉर्वे की राजदूत श्रीमती मे-एलिन स्टेनर शामिल हैं।

### भूपेश का पिछड़ों की राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अन्य पिछड़ा वर्गों हेतु पृथक से कोड निर्धारित करते हुए राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध किया हैं। श्री बघेल ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि मेरे द्वारा गत अप्रैल में छत्तीसगढ़ के अन्य पिछड़ा वर्गों के व्यक्तियों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिए जाने तथा इस विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने का आपसे अनुरोध किया गया था।

### शुभकामनाएं

देशबन्धु के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- संपादक**

### अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में 30 अगस्त को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 1 सितंबर को प्रकाशित होगा।

**- प्रबंधक**

### इमरान मसूद को बसपा ने किया निष्कासित

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पूर्व विधायक इमरान मसूद को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते मंगलवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। पार्टी की सहारनपुर इकाई के अध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद ने यहां जारी बयान में कहा कि श्री मसूद को अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप के कारण निष्कासित किया गया है। उन्होने कहा कि पूर्व विधायक को पहले भी उनके इस कृत्य के कारण चेतावनी दी जा चुकी थी मगर कोई सुधार न आता देख पार्टी ने उनके निष्कासन का फैसला लिया।

### नीति आयोग ने एसडीजी पर किया समझौता ज्ञापन

नई दिल्ली। नीति आयोग ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में तेजी लाने के लिए यूएनडीपी इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी बी. वी. आर. सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ योगेश सूरी और यूएनडीपी इंडिया की स्थानीय प्रतिनिधि शोको नोडा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य एसडीजी स्थानीयकरण, आंकड़ा-संचालित निगरानी, आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों सहित कई क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा को औपचारिक रूप देना है।

### डिप्टी मेयर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**चेन्नई, एजेंसी।** एक विधवा महिला की धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर सिटी क्राइम ब्रांच पुलिस ने चेन्नई के डिप्टी मेयर मगेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि एस.आर.मोहन की विधवा पत्नी एसाक्की अम्मल ने इस मामले में शिकायत दर्ज की थी। उसके पति अन्य भागीदारों के साथ खदान व्यवसाय चला रहे थे। मास माइंस नाम की खदान तांबरम में संचालित की गई थी, वहीं मोहन का 2021 में कुछ बीमारी के कारण निधन हो गया था।

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री को मोबाइल इंटरनेट की अनुमति

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर सरकार ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करने की अनुमति दी है। गृह आयुक्त टी रंजीत ने सोमवार को सूची जारी की जिसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री के कानूनी सलाहकार, स्पीकर, मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश, कैबिनेट मंत्री, महाधिवक्ता, पुलिस महानिदेशक, प्रशासनिक सचिव, विश्वविद्यालयों के कुलपति, वरिष्ठ कमांडेंट स्तर तक के अधिकारी और सेना/असम राइफल्स शामिल हैं।

---

सरकार ने रसोई गैस उपभोक्ताओं को दी राहत

# गैस सिलेंडर 2 सौ रुपए हुआ सस्ता





75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन जारी करने की भी घोषणा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सरकार ने ओणम और रक्षाबंधन के त्योहार पर देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ताओं को तोहफा देते हुए प्रति सिलेंडर दाम 200 रुपए कम करने और 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन जारी करने की मंगलवार को घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की बहनों को तोहफे के रूप में प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इससे वर्ष 2023-24 में सरकारी खजाने पर 7680 करोड़ रुपए का भार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्हें 200 रुपए की मौजूदा सब्सिडी के साथ ही 200 रुपए की कमी का भी फायदा होगा। उन्हें अब 400 रुपए बचेंगे। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में 75 लाख नए उज्ज्वला गैस कनेक्शन जारी करने का फैसला किया है। इस तरह से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम मार्च 2023 में 50 रुपए बढ़ाए गए थे। इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 1103 रुपए हो गई थी। इससे पहले 6 जुलाई 2022 ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री ने जताया आभार, कहा-

### प्रधानमंत्री ने रक्षा बंधन पर बहनों को दी बड़ी सौगात



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर देश की सभी बहनों को घरेलू एलपीजी सिलेंडर के मूल्य में 200 रुपए की कटौती करने के साथ कई बड़ी सौगातें दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति उनका आभार माना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा सभी उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी सिलेंडर के मूल्य में कटौती का फैसला नेतृत्व की संवेदनशीलता तथा सहृदयता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इन अभूतपूर्व निणर्यों के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री मोदी का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

कीमत घटाए जाने पर खड़गे का तंज

### जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने



केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए कम करने पर कांग्रेस ने चुनाव से जोड़ते हुए केंद्र सरकार पर तंज कसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने! जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाली निर्दयी मोदी सरकार अब माताओं-बहनों से दिखावटी सद्भावना जता रही है।' खड़गे ने आगे कहा, साढ़े 9 सालों तक 400 रुपए का एलपीजी सिलेंडर 1100 में बेच कर आम आदमी की जिंदगी तबाह करते रहे तब कोई स्नेह भेंट की याद क्यों नहीं आई?

ममता ने भी किया हमला

### ये है `इंडिया का दम

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी हमले करते हुए एक्स पर लिखा, 'अभी तक पिछले दो महीने में 'इंडिया' गठबंधन की सिर्फ दो बैठक हुई और आज हम देख रहे हैं कि एलपीजी गैस के दाम 200 रुपए कम कर दिए गए। ये है 'इंडिया का दम। ममता ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### एक साल में 27 फीसदी महंगी हुई अरहर दाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद दाल की कीमतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर से अरहर दाल की कीमतों में सबसे तेज उछाल देखने को मिली है। पिछले एक वर्ष में अरहर दाल 27 फीसदी तक महंगी हो चुकी है। तो उड़द से लेकर मसूर दाल की कीमतों में भी बढ़ोतरी जारी है। वहीं इस साल मानसून में कम बारिश के चलते आने वाले दिनों में दाल की कीमतों में और उछाल की आशंका जताई जा रही है।

**उड़द से लेकर मसूर की कीमतों में वृद्धि जारी**

डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के प्राइस मॉनिटरिंग डिविजन जो देशभर में खुदरा कीमतों पर रोजाना नजर रखता है उसके डेटा की मानें तो अरहर दाल जहां 29 अगस्त 2022 को 110.66 रुपए प्रति किलो में मिल रहा था उसकी औसत कीमतें एक साल में बढ़कर 140.34 रुपए प्रति किलो हो चुकी है। यानि एक साल की अवधि में 27 फीसदी अरहर दाल के दाम बढ़ चुके हैं। खाद्य उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के इस ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 6 महीने और बढ़ाने की योजना

### जून 2024 तक मुफ्त में राशन देने की तैयारी

• विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** इस साल के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा और अगले साल के लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव जिताऊ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को मोदी सरकार अगले 6 महीने और बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इस योजना के जरिए तकरीबन तीन साल से ज्यादा समय से देश की 80 करोड़ आबादी को मुफ्त में राशन मुहैया कराया जा रहा है। गौरतलब है कि अभी तक इस योजना की मियाद दिसम्बर 2023 तक है। लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसे अगले 6 माह के लिए फिर से बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।

भरोसमंद सूत्रों के मुताबिक, इस योजना के जरिए पिछले कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को फायदा मिल चुका है। लिहाजा कम से कम केंद्र सरकार इसे जून 2024 तक हर हाल में जारी रखना चाहती है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि बढ़ाने के संबंध में शीर्ष स्तर पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। दिसम्बर में इस योजना की मियाद खत्म हो, इससे पहले इसे जून 2024 तक बढ़ाया जा सकता है। इस बीच लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो जाएगा और केंद्र में नई सरकार सत्ता संभाल लेंगी। इसे लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही सरकार के स्तर पर भी उच्च स्तरीय विचार-विमर्श चल रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस बारे में अंतिम फैसला लिया जा सकता है और फिर से इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेज दिया जाएगा। बतादें कि इस योजना के जरिए पिछले साल हुए उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को काफी लाभ मिला था। इस कारण अब इसे जून 2024 तक बढ़ाने की तैयारी है।

---

# मुंबई में इंडिया व एनडीए की बैठक एक ही दिन

- शरद पवार विपक्षी गठबंधन की बैठक में होंगे शामिल
- एनडीए की महाराष्ट्र शाखा की भी 1 सितम्बर को बैठक



**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की तीसरी बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में होने वाली है। इस बीच एनडीए की महाराष्ट्र यूनिट ने भी इसी दिन यानी 1 सितंबर को मीटिंग करने की घोषणा की है। हालांकि इसमें महाराष्ट्र सरकार में शामिल एकनाथ शिंदे गुट शिवसेना, भाजपा और अजित पवार का एनसीपी गुट ही शामिल होगा। एनसीपी में फूट के बाद एक तरफ जहां शरद पवार विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे, वहीं उनके भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का गुट सत्ता पक्ष के साथ बैठक करेगा। ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### गठबंधन की बैठक के लिए पहुंचे लालू, आज नीतीश आएंगे मुंबई

**पटना, एजेंसी।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मंगलवार को इंडिया की बैठक में शामिल होने के लिए तेजस्वी यादव के साथ मुंबई पहुंच गए हैं। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि आप मुंबई जा रहे हैं। इस पर लालू ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी की नरेटी यानी गर्दन पर चढ़ने जा रहा हूं। बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंबई जायेंगे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मुंबई में डॉक्टरों से मिलेंगे और स्वास्थ्य जांच कराएंगे। इसके अलावा वे विपक्ष के नेताओं से मिलकर होनी वाली बैठक की रणनीति बनाएंगे। विपक्ष के इंडिया गठबंधन की बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली है। इस बैठक में गठबंधन के संयोजक की घोषणा होनी है। साथ ही समन्वय समिति के गठन, आम चुनावों के लिए समझौते में शामिल सभी पार्टियों के बीच संभावित सीट-बंटवारे के फॉर्मूले पर भी चर्चा हो सकती है।

विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की रणनीति में बड़े बदलाव की तैयारी

# 40 से ज्यादा विधायकों का कट सकता है टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होना है और भाजपा इस बार अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल कर राज्य में फिर से सरकार बनाने के लक्ष्य को लेकर चुनावी मैदान में उतर रही है। 2018 की गलतियों से सबक लेते हुए भारतीय जनता पार्टी ने इस बार अपने रणनीति में व्यापक बदलाव किया है।

भाजपा ने इस बार एक तरफ जहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा अन्य दिग्गज नेताओं को भी चुनाव प्रचार अभियान में आगे रखा है तो वहीं अब एंटी इनकंबेंसी के माहौल को कमजोर करने के लिए पार्टी ने अपने 40 से ज्यादा वर्तमान विधायकों का टिकट काटने की भी तैयारी कर ली है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने राज्य के एक-एक विधान सभा सीट पर जीत हार के समीकरण को लेकर और वर्तमान विधायकों की सक्रियता, लोकप्रियता, उम्र, जनाधार और जीतने की क्षमता को लेकर कई स्तरों पर व्यापक और बड़े पैमाने पर सर्व करवाए हैं। पार्टी ने दूसरे राज्यों के नेताओं और खासकर विधायकों को मध्य प्रदेश में उतार कर हर विधानसभा सीट की ग्राउंड जानकारी एकत्र की है और इस आधार पर पार्टी ने अपने वर्तमान विधायकों को बड़े पैमाने पर बदलने का फैसला किया है।

सूत्रों के मुताबिक, पार्टी इस बार अपने 40 से ज्यादा वर्तमान विधायकों का टिकट काट कर उनकी जगह युवा और नए चेहरे को

**युवा चेहरों को मिलेगा मौका**

चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है ताकि सत्ता विरोधी लहर को मात देकर उन सीटों पर फिर से जीत हासिल की जा सके। हालांकि, टिकट कटने वाले नेताओं की लिस्ट में कुछ ऐसे विधायक भी शामिल हैं जिनकी उम्र 75 पार हो चुकी है।

आपको बता दें कि, 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को कांग्रेस से थोड़ा ज्यादा वोट हासिल होने के बावजूद राज्य में सिर्फ 109 सीटों पर ही जीत हासिल हो पाई थी। जबकि, कांग्रेस के उम्मीदवार 114 सीटों पर जीते थे। 2018 में भाजपा को मध्य प्रदेश में 41.02 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। जबकि, कांग्रेस को भाजपा से थोड़ा कम 40.89 प्रतिशत वोट मिला था। बाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया के खेमे के विधायकों के इस्तीफे के कारण कमलनाथ की सरकार गिर गई और शिवराज सिंह चौहान फिर से राज्य के मुख्यमंत्री बने। सिंधिया गुट के इस्तीफा देने वाले कई विधायक भाजपा के टिकट पर उपचुनाव जीत कर विधायक बने। वर्तमान में मध्य प्रदेश विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या 127 है और पार्टी इनमें से 40 से ज्यादा विधायकों के टिकट काटने का मन बना चुकी है। आपको याद दिला दें कि, राज्य में विधान सभा चुनाव की घोषणा होने से पहले ही भाजपा हाल ही में अपने लिए कमजोर माने जाने वाली 39 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर चुकी है।

भाजपा ने पहले चरण में मध्य प्रदेश की 39 सीट पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इनमें पूर्व विधायकों से लेकर 75 की उम्र तक के लोग शामिल हैं। पार्टी ने परिवारवाद से भी गुरेज नहीं किया है। चाचा, भतीजे से लेकर बेटे तक को मैदान में उतारा है। इससे साफ है कि पार्टी को बस जिताऊ चेहरे की तलाश है। उम्र का बंधन या परिवारवाद जैसी बातें सिर्फ भाषण और विपक्ष पर हमला करने तक ही सीमित रहेंगे।

---

चीन ने जारी किया नया नक्शा

# अरुणाचल व अकसाई चिन को बताया अपना क्षेत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन की सरकार ने बीते सोमवार को एक नया नक्शा जारी किया है, जिसमें उन्होंने भारत के अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपना क्षेत्र बताया है. ये पहली बार नहीं है जब चीन ने इस तरह के विस्तारवादी नीति को अंजाम दिया है। इससे पहले इसी साल अप्रैल के महीने में उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के 11 जगहों के नाम को बदलने की मंजूरी दे दी थी। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक नए नक्शे में भारत के हिस्सों के अलावा चीन ने ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर को भी चीनी क्षेत्र में शामिल किया है। मैप में चीन ने नाइन-डैश लाइन परअपना दावा पेश किया है। इस तरह से उसने साउथ चाइना सी के एक बड़े हिस्से पर दावा पेश किया है। हालांकि, वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया और ब्रूनेई दक्षिण चीन सागर क्षेत्रों पर अपना-अपना दावा करते रहते हैं।

### जी-20 में चीन के अपराध को उजागर करे : खड़गे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चीन को भारत का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा है कि दूसरों की जमीन को अपने नक्शे में दिखाने के चीन के आदतन अपराध का जी-20 जैसे वैश्विक मंच पर खुलासा कर भारत को सख्त लहजे में उसे जवाब देना चाहिए। श्री खडगे ने कहा, अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चीन क्षेत्र भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हैं और मनमाने ढंग से ईजाद किया गया चीनी का कोई भी नक्शा इस हकीकत को बदल नहीं सकता।

### नाम बदलने से हकीकत नहीं बदल जाएगी : बागची

भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन की इस हरकत पर पलटवार किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था- हमारे सामने चीन की इस तरह की हरकतों की रिपोर्ट्स पहले भी आई हैं। हम इन नए नामों को सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का आतंरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा। इस तरह से नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा-

# जम्मू कश्मीर को कब तक मिलेगा राज्य का दर्जा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि सरकार कब तक जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी। कोर्ट ने सरकार से समय सीमा और रोडमैप बताने को कहा है।

जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि सरकार कब तक जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी। कोर्ट ने सरकार से समय सीमा और रोडमैप बताने को कहा है।

दरअसल केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला स्थायी नहीं था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जब हालात सामान्य हो जाएंगे तो जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। सॉलिसिटर



जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि वह 31 अगस्त को इस पर विस्तृत वक्तव्य देंगे। मेहता ने ये भी बताया कि अभी लद्दाख का केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा बरकरार रहेगा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र को साफ करना चाहिए कि जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की क्या समय सीमा और रोडमैप है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र बहाल करना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र महत्वपूर्ण है और अनंत काल के लिए चुनावी लोकतंत्र की अनुपस्थिति की इजाजत नहीं दी जा सकती। हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए सरकार राज्य का पुनर्गठन कर सकती है।

### जातीय जनगणना पर केंद्र का नया हलफनामा

केंद्र सरकार ने बिहार में जातिगत सर्वे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार सुबह दाखिल किया हलफनामा कुछ घंटे बाद वापस ले लिया। पहले हलफनामे के पैरा 5 में लिखा था कि सेंसस एक्ट 1948 के तहत केंद्र के अलावा किसी और सरकार को जनगणना या इससे मिलती-जुलती प्रकिया को अंजाम देने का अधिकार नहीं है। बाद में केंद्र ने इस हिस्से को हटाते हुए नया हलफनामा दायर किया। इसमें कहा- 'पैरा 5 अनजाने में शामिल हो गया था। नया हलफनामा संवैधानिक और कानूनी स्थिति साफ करने के लिए दायर किया है।

## सार समाचार

### ससुराल से लौट रहे युवक की ट्रेन से कटकर संदिग्ध मौत

**गुना, देशबन्धु।** जिले के धरनावदा थानांतर्गत महूगढ़ा-गुना रेलवे लाईन के बीच एक युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। युवक की पत्नी पिछले 15 दिनों से मायके में रह रही थी। सोमवार को युवक अपनी पत्नी के पास रुठियाई पहुंचा था। इसी दौरान संभवत- पारिवारिक विवाद के बाद वह ससुराल से निकल आया। रात करीब 3 बजे महूगढ़ा-गुना रेलवे पटरियों के बीच ट्रेन से कटकर जान दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दौलत सिंह सहरिया (30) निवासी लोहपाल थाना बजरंगगढ़ सोमवार को रुठियाई अपनी ससुराल पहुंचा था। यहां रात 11 बजे के बाद वह ससुराल पसे अचानक गुना की ओर आने लगा। पुलिस ने मृतक के पास से ट्रेन का 29 अगस्त की तारीख का टिकट भी पाया है। रात को उसकी पैसेंजर गाड़ी से काटने से मौत हो गई है। फिलहाल युवत की मौत दुर्घटना से हुई है या युवक ने खुद ही आत्महत्या की है, पुलिस इसकी जांच कर रही है। रुठियाई पुलिस ने युवक की पहचान पत्र आधार कार्ड से लोकपाल निवासी सरपंच को सूचना दी। सरपंच ने परिजनों को सूचना दी और जिला अस्पताल पहुंचे। जहां शव की पहचान की गई, तत्पश्चात पोस्टमार्टम हुआ।

### किराए के मकान में सेंधमारी

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत सांई विहार कॉलोनी में किराये के मकान में रहने वाले लोगों के घर में चोरों ने सेंधमारी कर नगदी सहित गृहस्थी का सामान चोरी कर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार साई विहार कॉलोनी में किराये से रहने वाले प्रार्थी नंदकिशोर कुशवाह एवं रवि प्रजापति सोमवार को घर का ताला लगाकर अपने गांव क्रमश- खुटियावद एवं नईसराय गए थे। मंगलवार सुबह जब वह लौटे तो कमरे के ताले टूटे पड़े थे। अंदर जाकर देख तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। इस दौरान चोर तीन हजार रुपए नगद सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। इस संबंध में दोनों युवकों ने कैंट थाने में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### हस्ताशिल्प पर 25 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**गुना, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान मे शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना में हस्ताशिल्प पर 25 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप बीएस मीना जिला रोजगार एवं जनसंपर्क अधिकारी एवं विशेष अतिथि डॉ. ललित नामदेव, जिला नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ट के साथ हस्तशिल्प विशेषज्ञ श्रीमती तुलसी कश्यय प्रशिक्षक के रूप उपस्थित हुए। सर्वप्रथम प्राचार्य एवं अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् प्राचार्य डॉ. विनीता जैन अतिथियों का शाब्दिक स्वागत कर छात्राओं को प्रशिक्षण की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता बीएस मीना ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को बताया कि रोजगार प्राप्त करने हेतु आर्थिक सहयोग किस प्रकार प्राप्त करें एवं इसमें आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव प्रदान किए।

रुठियाई स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसूति के नाम रिश्वत का खेल

# भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं के खिलाफ नवजातों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची प्रसूताएं



**गुना, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय सहित अंचलभर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भारी भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। इसमें सबसे अधिक समस्या का सामना प्रसूताओं को करना पड़ रहा है। गुना प्रसृति गृह से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक डिलेवरी के नाम पर 5-5 हजार रुपए की रिश्वत का खेल खुलेआम चल रहा है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ, सीएस, बीएमओ से लेकर कलेक्टर-मंत्री तक इन भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने में नाकाम हैं। जिले के रुठियाई स्वास्थ्य केंद्र में डिलेवरी के नाम खुलेआम हो रही लूट से परेशान आधा दर्जन से अधिक पार्षद, दर्जनों प्रसूताएं, स्थानीय रहवासी और जनप्रतिनिधि मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे।

यहां उन्होंने कलेक्टर को आवेदन देकर स्वास्थ्य केंद्र में चल रही मनमानी की पोल खोली। एक-एक दशक से जमे इसे नर्सिंग स्टॉफ के आतंक से परेशान कुछ प्रसूताएं तो अपने नवजात शिशुओं के साथ ही कलेक्टोरेट शिकायत लेकर पहुंची। इस मौके पर कलेक्टर को सौंपे आवेदन में प्रसूताओं और उनके परिजनों ने बताया कि रुठियाई स्वास्थ्य केंद्र पर मंजू सिकरवार, ज्योति कश्यप, सीमा जाटव, संध्या शर्मा, मनीषा शिवहरे, नोसीन खान, आसमा बानो सहित अन्य नर्सिंग स्टॉफ डिलेवरी कराने से लेकर जन्म प्रमाण पत्र बनाने, मेडिकल बनवाने के नाम पर खुलेआम वसूली कर रहे हैं। प्रसव कराने आए प्रसूता के परिवार से 5 हजार रुपए लिए जाते हैं। जो पैसा दे देता है उसका प्रसव करा दिया जाता है। वहीं जो नहीं देता है उसे डरा धमका कर रैफर कर दिया जाता है। फिर चाहे गुना में किसी निजी अस्पताल में नॉर्मल डिलेवरी हो जाएं। शिकायतकर्ताओं के अनुसार यह स्टॉफ 10 से 15 सालों से यहां जमा हुआ है। इनके द्वारा मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता योजना के हितग्राहियों को मिलने वाले पांच-पांच हजार रुपए भी ले लिए जाते हैं। और तो और 5 रुपए का बनने वाले पर्चा तक के 10 रुपए लिए जाते हैं। वहीं ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट के नाम पर भी स्टॉफ जमकर वसूली करता है। रुठियाईवासियों के अनुसार चार-चार डॉक्टर स्वास्थ्य केंद्र में होने के बावजूद रात में कोई डॉक्टर नहीं रहता है। पूरा अस्पताल नर्सों के भरोसे चल रहा है।

आवेदन में हलिया एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि 22 अगस्त को वंदना पत्नी आनंद धाकड़ के बच्चे का वैक्सीनेशन तक यहां तैनात प्रशांत नामक कर्मचारी ने नहीं किया। जबकि परिजनों ने ड्यूटी डॉक्टर आसिफ पठान से लेकर टीकाकरण प्रभारी योगेन्द्र शाक्य तक से फोन पर बात कराई। टीकाकरण के नाम पर यहां जमकर वसूली और पैसा नहीं देने पर दुर्व्यवहार किया जाता है। शिकायतकर्ता के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र के स्टॉफ ने घर पर निजी क्लीनिक खोलकर गर्भवती महिलाओं का 300-300 रुपए में चेकअप किया जाता है। इन नर्सों द्वारा सरकारी अस्पताल की दवाएं यहां से वितरित की जाती हैं। वहीं स्वास्थ्य केंद्र के हैंड ग्लब्ज एवं कुछ दवाएं मेडिलकों पर बेची जाती है जो फिर मरीजों के अटेंडर से खरीवाई जाती है। एक अन्य मामला बताते हुए रहवासियो ने बताया कि 13 मार्च 23 को एक प्रसूता से नौसिन खान ने पांच हजार रुपए मांगे थे, नहीं देने पर रैफर कर रहे थे। जब पैसे दे दिए तो रुठियाई स्वास्थ्य केंद्र पर ही नॉर्मल डिलेवरी करा दी गई। ऐसे अनगिनत मामले हैं, जिसमें पैसे का खेल खुलेआम चल रहा है।

जनसुनवाई में सरपंच-सचिव पर लगाया आरोप

## मजदूरों की 70 लाख से अधिक की मनरेगा मजदूरी निकाली



▸ ग्रामीणों ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

**गुना, देशबन्धु।** आरोन जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत झांझौन के ग्राम भैंसावला में ढाई सौ से अधिक मजदूरों की करीब 70 लाख रुपए की मनरेगा की मजदूरी सरपंच-सचिव ने फर्जी तरीके से निकल ली। मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे मजदूरों ने कलेक्टर को आवेदन देकर 7 दिनों में मजदूरी का भुगतान कराने की मांग की है। अन्यथा मजदूर भूख हड़ताल पर बैठेंगे। दरअसल ग्राम भैंसावला के 250 से अधिक जॉबकार्डधारी मजदूरों द्वारा रोजगार गारंटी के तहत मजदूरी की थी। जिसकी लगभग 70 लाख रुपए की राशि आज तक मजदूरों को प्राप्त नहीं हुई है। ग्रामीणों के अनुसार उनकी मजदूरी सरपंच एवं सचिव द्वारा बैंक संचालक से सांठगांठ कर फर्जी तरीके से निकाल ली गई है। जबकि न तो ग्रामीणों के फिंगर प्रिंट लगे हैं और न ही उनके खातों में राशि आई है।

इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार सरपंच से मजदूरी की राशि मांगी, लेकिन सरपंच हर बार उन्हें टालता रहा। इस टालम टोल में कोराना से लेकर आचार संहिता तक का समय निकल गया। पूर्व में भी ग्रामीणों ने एसपी-कलेक्टर को इस संबंध में आवेदन दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने मनरेगा मजदूरी का भुगतान कराने की मांग की है। अन्यथा ग्रामीण परिवार सहित भूख हड़ताल करेंगे, साथ ही चुनावों का बहिष्कार करने की भी चेतावनी दी है।

## गांव आधा रोशन, आधे में छाया अंधियारा

**गुना, देशबन्धु।** तमाम आवेदन और गुहारों के बावजूद चक सिंगवासा की सहरिया बस्ती के परिवारों को बिजली नहीं मिल रही है। जबकि गांव के दूसरी साईड चौबीसों घंटे बिजली आ रही है। महज चंद कदमों की दूरी पर बिजली कंपनी के इस भेदभाव के खिलाफ ग्रामीण बार-बार कलेक्टोरेट के अधिकारियों से लेकर नेताओं के द्वार तक दस्तक दे रहे हैं। लेकिन उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों के अनुसार उनके ग्राम में बिजली नहीं आती है। इसका मुख्य कारण है कि रेलवे लाईन जो कि उनके गांव के बीच से निकली है। जिसके कारण उनका गांव दो भागों में बंट गया है। इस कारण से उनकी सहरिया बस्ती को बिजली नहीं मिल पा रही है। इसके पूर्व ग्रामीणों ने जुलाई में लगातार जनसुनवाई में आवेदन दिए। लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जनसुनवाई में मौजूद बिजली कंपनी के अधिकारी उन्हें झूठा आश्वासन देकर रवाना कर देते हैं।

दरअसल शहर से लगे सिंगवासा चक बस्ती में दो सैकड़ा से अधिक सहरिया बस्ती के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बीपीएल श्रेणी की डीपी रखी होने के बावजूद ग्रामीणों को बिजली नसीब नहीं हो पा रही है। जिसके चलते पूरी बस्ती के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

## भगोड़े व्यापारी की गिरफ्तारी पर व्यापार व उद्योग महासंघ ने किया पुलिस का सम्मान

▸ महासंघ अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को भेंट किए 5 लाख




**गुना, देशबन्धु।** कुंभराज थानांतर्गत विगत दिनों कुंभराज के व्यापारी लोकेंद्र गुप्ता के ग़ायब होने पर व्यापार एवं उद्योग महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित कर व्यापारियों की पूरी राशि ( लगभग 5 करोड़ ) बरामदगी पर पुलिस के लिए प्रोत्साहन स्वरूप 21 लाख रुपए नगद अथवा बरामद राशि के 5 फीसदी की पुरस्कार राशि की घोषणा की गई थी। ज्ञात रहे कि अत्यधिक देनदारी के चलते लोकेंद्र गुप्ता विगत 18 जुलाई को अचानक सपरिवार ग़ायब हो गया था। जिससे क्षेत्र के कई व्यापारियों पर आर्थिक संकट आन पड़ा था। इस घटना से व्यथित होकर क्षेत्र के प्रभावित व्यापारियों द्वारा महासंघ अध्यक्ष राजेश अग्रवाल से संपर्क कर अपनी आपबीती सुनाई गई। अग्रवाल द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए लोकेंद्र गुप्ता पर इनाम घोषित किया गया एवं पुलिस अधीक्षक से सतत संपर्क बनाए रखा। सभी पीड़ित व्यापारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में लोकेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। महत्वपूर्ण बात यह है कि एसपी राकेश कुमार सगर द्वारा व्यापारियों का दर्द एवं प्रकरण की गंभीरता को समझते हुए तुरत-फुरत एक विशेष अनुसंधान दल अर्थात् एसटीएफ का गठन किया। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों समेत 11 लोग शामिल किए। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में पुलिस टीम सूचनाओं के आधार पर एवं साईवर सेल की मदद से जगह-जगह दबिश देतीं रहीं और आखिरकार लोकेंद्र गुप्ता उर्फ़ डब्बू एवं उसके भाई सचिन गुप्ता को पिछली 13 अगस्त को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया गया। इसी के चलते व्यापार एवं उद्योग महासंघ द्वारा आज एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया एवं अपनी घोषणा के अनुरूप प्राप्त राशि का 5 फीसदी पुलिस अधीक्षक को सुपुर्द करने का निश्चय किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक समेत सभी टीम सदस्यों का यथोचित सम्मान किया गया। महासंघ अध्यक्ष द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों एवं गणमान्य पत्रकार जनों का धन्यवाद किया गया। कार्यक्रमों का संचालन अभिजीत गोयल एवं महासंघ सचिव द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

## देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस



**आष्टा, देशबन्धु।** हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जन्म जयंती के अवसर पर देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें रिले रेस, बैडमिंटन, तैराकी, फुटबॉल मैच तथा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना तथा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अवगत कराना था। मेजर ध्यानचंद को छात्रों द्वारा हॉकी की आकृति निर्मित कर याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय संचालक ध्रुवकुमार तिवारी,श्रीमती पायल अली, बहादुर सिंह, ज्ञान सिंह ठाकुर एवं आदिल अली तथा विद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिन्हा उपस्थित थे।

प्राचार्या ने राष्ट्रीय खेल दिवस एक ऐसा अवसर है, जहां देश के प्रतिभाशाली एथलीटों को याद किया जाता है तथा राजीव गांधी खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार और द्रोणाचार्य पुरस्कार जैसी मान्यताओं से सम्मानित किया जाता है। इसी के साथ ही प्राचार्या ने सभी छात्रों एवं अध्यापकगणों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## झुग्गी बस्ती में किया नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**आष्टा, देशबन्धु।** नगरपालिका द्वारा अलीपुर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 की झुग्गी बस्ती में सीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्य सम्पन्न हुआ। इस कार्य का भूमिपूजन विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वार्ड पार्षद कमलेश जैन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि वार्ड क्रमांक 2 झुग्गी बस्ती में कब्रिस्तान से लेकर नाला तक दोनों तरफ लगभग 2 लाख रुपए की लागत से नाली का निर्माण कार्य पूर्ण होगा।

पार्षद द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त स्थल पर नाली का निर्माण कार्य किया जाना अतिआवश्यक है। जिसे गंभीरता से लेकर परिषद में प्रस्ताव पारित कर उक्त कार्य को मंजूरी मिली। रहवासियों की वर्षो पुरानी समस्या का समाधान होने पर जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए पुष्पमाला से स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. सलीम खान, आरीस अली, जुम्मू पठान, जमाल अंसारी, साबीर मंसूरी, बाबू खां, लईक अंसारी, राजा पठान, हमीद लाईनमेन, वाहिदउल्ला, हमीद अंसारी, आदर्श सुराना, मेहबूब खां, नूर अंसारी टेलर सहित बड़ी संख्या में रहवासीगण मौजूद थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री भूपेन्द्र सिंह का किया पुतला दहन



**सीहोर, देशबन्धु।** खुरई में दलित युवक की पीट-पीट कर की गई हत्या के विरोध में युवा कांग्रेस ने मंत्री भूपेंद्र सिंह का आज पुतला दहन किया गया।

प्रदर्शनकारी युकां कार्यकर्ताओं ने कहा कि आजकल प्रदेश की भाजपा के राज में वीभत्स घटनाएं कर अपराधी बेखौफ प्रदेश के नागरिकों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार कर रहे हैं। अपराधियों द्वारा इस तरह की दुर्दांत घटनाएं सत्ता में बैठे लोग और उनकी ही पार्टी के संरक्षण में हो रही है। विगत 24 अगस्त की रात को सागर जिले की खुरई तहसील के ग्राम बरोदा नोनगीर में एक अनुसूचित जाति के युवक नितिन अहिरवार को इतना पीटा गया कि उसे गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। इसके विरोध मे मंगलवार को जिला युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा सरकार के मंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर का पुतला जलाया और भाजपा सरकार से मांग की पीड़ित परिवार को अविलंब एक करोड़ रुपए मुआवजा तथा परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की।

इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर, पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष राहुल यादव, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेश भूरा यादव,जिला युवा कांग्रेस सीहोर के जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव, प्रदेश सचिव हर्षदीप राठौर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, विधानसभा अध्यक्ष मुस्तफा अंजुम, जिला उपाध्यक्ष पीयूष मालवीय, ब्लाक अध्यक्ष राहुल ठाकुर, शहर अध्यक्ष रेहान नवाब, आदिवासी जिला अध्यक्ष सुमित नर्रे, के.के. रिछाडिया, भगत सिंह तोमर, कपिल गौर, तुलसी राजकुमार राठौर, संजय पटेल, सिद्धांत राय, रितेश यादव, राजेंद्र बिट्टू पंवार,यमन यादव, हरेंद्र ठाकुर एवं अन्य युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खेल दिवस : कन्या महाविद्यालय में खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सीहोर, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में ''मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस'' के उपलक्ष में एक दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद की फोटो पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन एवं विशेष अतिथि सूबेदार मनोहर जामलिया ने माल्यार्पण कर किया। विशेष अतिथि सूबेदार श्री जामलिया ने छात्राओं को खेल में रुचि लेने और खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रमाकांत रिछारिया ने मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला व उनसे अपनी मुलाकात की बातें भी साझा की। खेल दिवस पर महाविद्यालय के खेल परिसर में रस्सी कूद, कुर्सी दौड़, प्लैंक चैलेंज और संकायवार रस्सा कसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में रस्सी कूद में प्रथम खुशी चंद्रवंशी, द्वितीय रिषिका पटेल, तृतीय मुस्कान वर्मा रही, कुर्सी दौड़ में प्रथम निशा मालवीय, द्वितीय मंजू मेवाड़ा, तृतीय छाया रही, प्लैंक चैलेंज में प्रथम मंजू मेवाड़ा, द्वितीय रिषिका पटेल, तृतीय अनुष्का वर्मा रही एवं रस्सा कसी में प्रथम बी.कॉम. संकाय एवं द्वितीय बी.ए संकाय रहा। प्रतियोगिताओं का संचालन महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी रवि विरहा ने किया।

*विधानसभा क्षेत्र नागदा में प्रत्याशियों का समीकरण*

# *पूर्व केंद्रीय मंत्री के गृहनगर में भाजपा की टिकट के लिए होड़*

*✷ कैलाश सनोलिया*





***नागदा, देशबंधु।*** *मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की घोषणा अनुसार नागदा को जिला बनाने प्रक्रिया भी शुरू होने के साथ ही क्षेत्र में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां परवान पर है। इस सीट पर कांग्रेस से 4 बार के विधायक श्री गुर्जर की टिकट लगभग तय है। जबकि भाजपा से दो कद्दावर नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. थावरचंद गेहलोत, जो वर्तमान में कर्नाटक के राज्यपाल है, तथा मप्र शासन में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त असंगठित कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुल्तान सिंह शेखावत के गृहनगर की सीट है।*

*भाजपा ने प्रदेश की 39 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की पहली सूची जारी की है, जिसमें उज्जैन जिले की तराना एवं घटिया सीट के उम्मीदवारों के नाम शुमार है। पिछले वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में इन दोनों सीटों पर भाजपा को शिकस्त मिली है। भाजपा ने इस सीट से दिलीपसिंह शेखावत पिछले चुनावों में लगातार 3 बार कांग्रेस के दिलीप सिंह गुर्जर के खिलाफ मैदान में उतारा है। जिसमें से शेखावत को 2 बार पराजय और एक मर्तबा सफलता मिली है। 2018 में भाजपा प्रत्याशी शेखावत कांग्रेस के श्री गुर्जर से 5117 मतों से हार गए थे। दोनों के बीच पहली बार 2008 में टक्कर हुई, जिसमें कांग्रेस के गुर्जर 9500 से भी अधिक मतों से जीत गए दूसरी बार 2013 में भाजपा के दिलीप सिंह शेखावत ने 16,115 मतों से बाजी मारी।*

*गत चुनाव में शेखावत की 5112 वोटों की पराजय के बाद अबकि बार कई दावेदारों के नाम इस दलील के साथ सामने आ रहे हैं कि 3 में से 2 बार प्रत्याशी शेखावत की हार से चेहरा बदला जा सकता है। हालांकि उनका नाम भी दौड़ में शामिल है। भाजपा से लगभग एक दर्जन प्रत्याशियों के नाम की चर्चा है। इस सीट के इतिहास की खासियत है कि कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार पर दांव खेला है, तो भाजपा ने ठाकुर प्रत्याशियों को ही टिकट से नवाजा है। इस बार भाजपा में राजपूत उम्मीदवारों की बात की जाए तो जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष तथा पूर्व विधायक लालसिह, कैबिनेट मंत्री का दर्जा मप्र शासन असंगठित कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुल्तान सिंह राणावत, पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ तेजबहादुर सिंह चौहान एवं मोती सिंह शेखावत के नामों की चर्चा है। मोती सिंह बोर्ड अध्यक्ष सुल्तान सिंह के बेटे हैं। गैर ठाकुर प्रत्याशियों में पूर्व नपा अध्यक्ष शोभा यादव पूर्व नपा उपाध्यक्ष राजेश धाकड़, भाजपा जिला महामंत्री धर्मेश जायसवाल, किसान नेता दयाराम धाकड़ एवं विहिप नेता भेरूलाल टांक के नामों की सुगबुगाहट है। ऊंट किस करवट बैठेगा कहा नहीं जा सकता। भाजपा यहां टिकट निर्धारण में फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। पिछले चुनाव की टिकट की पुनरावृति होगी या परिवर्तन इसमें अभी संशय है।*

*जातिगत समीकरण देखा जाए तो नागदा ठाकुर पिछड़ा वर्ग बाहुल्य सीट है। भाजपा के अस्तित्व में आने के बाद 1985 से लगातार इस सीट से पार्टी ने ठाकुरों को 8 बार मैदान में उतारा है। जिसमें से ठाकुर प्रत्याशी 3 बार चुनाव जीते और 5 बार हारे हैं। भाजपा के राजपूत उम्मीदवार 1990, 1998 एवं 2013 में कामयाब हुए। जबकि 1985, 1993, 2003, 2008 एवं 2018 में पराजय का सामना करना पड़ा। दो-बार लालसिंह राणावत 1990 एवं 1998 में विधायक बने। जबकि 2013 में दिलीप सिंह शेखावत विधानसभा पहुंचे। इधर, कांग्रेस ने पिछडा वर्ग पर भरोसा किया और अधिकांश बार गुर्जर समाज के उम्मीदवार पर दाव खेला। वर्ष 1985 के चुनाव में पिछड़ा वर्ग के रणछोड़लाल आंजना ने भाजपा के ठाकुर राणावत को 3828 मतों से पटकनी दी। वर्ष 1990 में भाजपा के राणावत चुने गए। वर्ष 1993 में दिलीप सिंह गुर्जर पहली बार कांग्रेस की टिकट पर विधायक बने। वर्ष 1998 में इस सीट को भाजपा ने कांग्रेस से छिन ली और भाजपा के राणावत विधायक चुने गए । भाजपा में अस्तित्व में नहीं थी तब राजपूत उम्मीदवार वीरेन्द्र सिंह कंचन खेड़ी 2 बार भारतीय जनसंघ से 1967 एवं 1972 में तथा 1957 में हिंदु महासभा की टिकट पर चुनाव जीते थे।*

*उधर, कांग्रेस की बात की जाए तो गुर्जर समाज के दिलीप सिंह गुर्जर 4 बार क्रमश: 1993, 2003, 2008 एवं 2018 में विधायक बने । वर्ष 2003 में कांग्रेस से टिकट कटने पर श्री गुर्जर ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और 14, 429 वोटों से विजयी हुए। उस दौरान कांग्रेस की जमानत जप्त हुई और भाजपा को पराजय मिली।*

*जैन एवं बाह्मण जीते : पहला चुनाव 1952 में स्वाधीनता सेनानी स्व रामचंद्र नवाल ने कांग्रेस की टिकट पर जीता। 1962 में जैन समाज के स्व भैरव भारतीय ने निर्दलीय बाजी मारी। 1977 में हलधर चिन्ह से जनता पार्टी की टिकट पर तथा 1980 में कमल फूल चिन्ह पर स्व. पुरूषोत्तम विपट ने जीत दर्ज की। वे बाह्मण समाज के थे, उन्हें 2 बार जीत नसीब हुई।*

# राजधानी

## सार समाचार

### 12वीं कक्षा का पूरक परीक्षा परिणाम घोषित

**भोपाल, देशबन्धु।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने 12वीं कक्षा का पूरक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया। विगत दिनों हुई इस परीक्षा में प्रदेशभर से कुल 1 लाख 20 हजार 781 परीक्षार्थी उपस्थित हुए थे। मंडल ने इनमें से 1 लाख 20 हजार 581 परीक्षार्थियों का परिणाम जारी कर दिया गया है। बाकी 200 परीक्षार्थियों का परिणाम रोक लिया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित नतीजों के मुताबिक पूरक परीक्षा में कुल 1 लाख 16 हजार 743 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 70.46 रहा। इनमें से 25हजार 266 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 55 हजार 867 द्वितीय श्रेणी में और 35 हजार 610 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। पूरक परीक्षा में उपस्थित रहे छात्र-छात्राएं अपना परीक्षाफल माशिमं की अधिकृत वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### बारिश का दौर थमने से उछलने लगा दिन का पारा

भोपाल, देशबन्धु। मानसून के शिथिल पड़ने के कारण पूरे प्रदेश में बारिश का दौर लगभग थम गया है। इस वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला कोई भी मौसमी सिस्टम सक्रिय नहीं है। इस वजह से मानसून की गतिविधियां थम गई हैं और बादल छंटने लगे हैं। धूप निकलने के कारण दिन का तापमान बढ़ने लगा है। प्रदेश के 20 शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। हालांकि बादल बने रहने और पश्चिमी हवाएं चलने के कारण फिलहाल उमस से राहत मिली हुई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में भी किसी मौसमी सिस्टम के बनने के संकेत फिलहाल नहीं दिख रहे हैं। इस वजह से अभी तीन-चार दिन तक अच्छी बारिश होने की संभावना भी नहीं है। हालांकि तीन सितंबर के आसपास बंगाल की खाड़ी में कुछ मानसून हलचल शुरू होने की संभावना है। उसके बाद चार सितंबर से पूर्वी मप्र में कहीं-कहीं वर्षा का सिलसिला शुरू हो सकता है।

### ब्लाक स्तर पर भी आवास व्यवस्था

**भोपाल, देशबन्धु।** पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के लिये पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा विद्यार्थियों की आवासीय सुविधा के लिये विशेष व्यवस्था की गई है। अब जिला मुख्यालय में 100 सीटर कन्या छात्रावास एवं 50 सीटर बालक छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। साथ ही ब्लॉक मुख्यालय में विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा देने के मकसद से किराये के भवन में छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं।

## पटवारियों की हड़ताल जारी: तहसील कार्यालय खाली, दस्तावेजों के लिए भटक रहे लोग



**भोपाल, देशबन्धु।** पटवारियों के अनिश्चित कालीन कलमबंद हड़ताल पर चले जाने से भूमि संबंधी सभी तरह के काम पर रोक लग गई है। ऐसे में हड़ताल का असर अब जिले की सभी तहसीलों में दिखाई देने लगा है। चूंकि यहां पर राजस्व संबंधी सभी तरह का काम बाबुओं के हवाले हो गए हैं। इसी वजह से भूस्वामियों को भूमि सुधार रिपोर्ट, नकल आदि दस्तावेज मिलना भी मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं लोगों की पेशियां तक नहीं हो पा रही हैं। अब तक जिले की तहसीलों में लगभग सैकड़ो राजस्व सहित अन्य प्रकरण अटक गए हैं। ऐसे में यहां पदस्थ एसडीएम, तहसीलदार,नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों पर काम का बोझ बढ़ने लगा है।

मध्यप्रदेश पटवारी संघ के नेतृत्व में जिले के दो सौ पटवारियों के हड़ताल पर जाने से जिले की 8 तहसील हुजूर, बैरागढ़, शहर, टीटीनगर, गोविंदपुरा, कोलार, एमपीनगर और बैरसिया तहसील में नामांतरण, सीमांकन, खसरा-खतौनी, नक्सा, रजिस्ट्री,बंटवारा,फसल गिरदावरी, पीएम-सीएम पेमेंट सहित खेती- किसानी से जुड़े अन्य काम पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। तहसील कार्यालय में मंगलवार को सुबह से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और शहर के लोगों का आना शुरू हो गया था। वह यहां अपने काम के लिए पहुंचे थे, लेकिन उनको न तो पटवारी मिले और न ही दस्तावेज मिले। वहीं बाबुओं ने उन्हें पेशी व काम की आगे की तारीख देकर वापस लौटा दिया। कोलूखेड़ी निवासी किसान कमल सिंह ने बताया कि वह अपनी भूमि सुधार के काम से पिछले एक सप्ताह से तहसील के चक्कर लगा रहे हैं। अब पटवारी के हड़ताल पर जाने से उनका काम मुश्किल हो गया है। इसी तरह ग्राम पुरामनभावन निवासी किसान महेश ने बताया कि उन्होंने सीमांकन की रिपोर्ट के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक नहीं मिली है। वह मंगलवार को पहुंचे तो उनको बाद में आने का कहकर लौटा दिया है। उधर हड़ताली पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को हुजूर तहसील के बाहर प्रदर्शन किया।

### इनका कहना है

हमारी मांगों को शासन द्वारा अनसुना किया जा रहा है। इसी के चलते कलमबंद हड़ताल की जा रही है। मंगलवार को भी हुजूर तहसील में धरना प्रदर्शन किया गया।

**संदीप शर्मा,** जिलाध्यक्ष, मप्र पटवारी संघ

पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से किसी तरह का राजस्व संबंधी काम प्रभावित न हो। इसके लिए सभी सर्कल के एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**आशीष सिंह,** कलेक्टर

### लोकसेवा केंद्र में लंबित हो रहे आवेदन, लग रही भीड़

पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से प्रभाव लोकसेवा केंद्र के कामों पर भी पड़ रहा है। शहर के कोलार, टीटीनगर, कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित कुल चार केंद्रों पर लोग बड़ी संख्या में आवेदन करने पहुंच रहे हैं। यहां पर पहले से ही आवेदन अटके रहते हैं और अब जिनको समय पर मिलना था उन्हें भी नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में वह केंद्र के बाद अब तहसलों में भटक रहे हैं। उल्लेखनीय हैं कि लोकसेवा केंद्रों में लोग जाति, मूलनिवासी, ईडब्ल्यूएस, आय सहित अन्य सुविधाओं के लिए हर दिन लगभग 5 सौ आवेदन जमा करते हैं।

### 4 से तहसीलदार भी अवकाश पर, चुनावी काम होगा प्रभावित

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में मतदाता सूची शुद्धीकरण सहित अन्य काम किए जा रहे हैं। इनकी जिम्मेदारी तहसीलदार और नयाब तहसीलदार को सौंपी गई है, जबकि पटवारियों को सुपरवाइजर का दायित्व सौंपा था, जिन्हें मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराना था। लेकिन अभी पटवारी हड़ताल पर हैं, जिससे चुनावी काम पर असर दिख रहा है। वहीं चार से छह सितंबर पर तहसीलदार, नयाब तहसीलदार भी तीन दिवसीय शासकीय अवकाश पर चले जाएंगे। ऐसे में चुनावी काम पूरी तरह से प्रभावित होगा।

## स्टेशन पर बैठी युवती को बहकाकर ले गया युवक, किया दुष्कर्म

**भोपाल, देशबन्धु।** रातीबड़ इलाके में छिंदवाड़ा की रहने वाली एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित उसकी मदद करने के बहाने उसे घर लेकर आया और दो साल तक उसका दैहिक शोषण करता रहा। जब पीड़िता ने उस पर शादी के लिए दबाव डाला तो उसने मारपीट कर घर से भगा दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

रातीबड़ पुलिस के अनुसार 18 वर्षीय युवती छिंदवाड़ा जिले की रहने वाली है। उसके माता-पिता कई साल पहले अलग हो गए तथा दोनों ने दूसरी शादी कर ली है। उसकी मां भोपाल आकर अपने दूसरे पति के साथ रहने लगी है। जनवरी 2021 में वह अपनी मां के घर रहने के लिए भोपाल आई थी, लेकिन मां ने के दूसरे पति ने उसे घर में साथ रखने से इंकार कर दिया था। मां ने भी जब जाने को कह दिया तो युवती वापस जाने के लिए हबीबगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंची। यहां पर उसे अविनाश भेरवे नाम का युवक मिला। उसने जब बातचीत शुरू की तो युवती ने पूरी बात बता दी। इसके बाद युवक ने उसे नाश्ता कराया तथा अपने घर ले गया। युवक के घरवालों ने जब इस पर एतराज किया तो युवक ने उसे किराए के कमरे में रख दिया। यहां पर उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। कुछ दिन के बाद युवक ने माता-पिता को राजी कर लिया तथा वह युवती को घर ले गया तथा दोनों पति-पत्नी के रूप में रहने लगे। इस दौरान वह उसका शारीरिक शोषण करता रहा। युवती पिछले कई महीनों से अविनाश पर दबाव डाल रही थी कि वह उससे रीति-रिवाज के अनुसार समाज के सामने शादी कर पत्नी का दर्जा दे। सोमवार को युवती ने उससे फिर यही बात की तो युवक बिफर उठा और उसने मारपीट कर उसे घर से भगा दिया। इसके बाद युवती थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी अविनाश के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर के सामने खड़ी कार में महिला ने की तोड़फोड़

**भोपाल, देशबन्धु।** शहर के ईदगाह हिल्स क्षेत्र में मंदिर में दर्शन करने गए एक श्रद्धालु की कार में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। साक्ष्य जुटाने के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही है शाहजहांनाबाद थाना पुलिस के मुताबिक छोला मंदिर थाना इलाके में रहने वाले चंद्रपाल यादव ने शिकायत दर्ज कराई है। उसमें उन्होंने बताया कि वह सोमवार शाम चार बजे ईदगाह हिल्स स्थित मंदिर में दर्शन करने गए थे। उन्होंने अपनी कार मंदिर के सामने सड़क किनारे खड़ी की थी। दर्शन करने के बाद जब वह मंदिर से बाहर निकले तो देखा कि उनकी कार का कांच टूटा हुआ था। यह देखकर वह हैरान रह गए। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि जहां कार खड़ी की गई थी, उसके पास वाले घर में रहने वाली ज्योति तिवारी नाम की महिला ने कार में तोड़फोड़ की है। इसके बाद वह थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ज्योति तिवारी के खिलाफ तोड़फोड़ करने का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

### संदिग्ध अवस्था में मिला शव



**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार स्थित अकबरपुर में पुलिस की तैयारी कर रही युवती की आत्महत्या का संदिग्ध मामला सामने आया है। चूंकि जहां एक तरफ छात्रा ने कोई पत्र नहीं छोड़ा है तो दूसरी तरफ परिवार वालों के अनुसार जब युवती का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला तब उसके पैर जमीन को छू रहे थे। साथ ही उसके गले पर एक तरफ एक निशान भी मिला है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत ही मौके पर फोरेंसिक टीम को भेजा है। पुलिस के अनुसार अभी मामले की जांच की जा रही है।

कोलार थाना पुलिस अकबरपुर में रहने वाले बालकृष्ण परते सोमवार परिवार सहित उज्जैन गए थे। घर में दोनों छोटी बेटी 20 वर्षीय कल्पना परते उर्फ नेहा और सुनीता ही थीं। सोमवार दोपहर सुनीता अपने काम से बाहर गई थी तो घर में कल्पना अकेली थी। रात करीब 8 बजे जब सुनीता घर वापस पहुंची तो मुख्य दरवाजे पर अंदर से ताला डला था। बहुत लंबे समय तक जब फोन नहीं उठाने और आवाज देने के बाद भी दरवाजा खोलने पर सुनीता ने दोस्त को फोन किया और फिर दोनों दरवाजा कूदकर अंदर गए। जहां अंदर के सभी दरवाजे खुले थे। कल्पना द्वारा कल्पना के कमरे में जब देखा तो उसका शव फंदे से लटका हुआ था। इस पर तुरंत ही उसको उतारकार निजी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने बताया कि कल्पना की चार घंटे पहले मौत हो चुकी है, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल से कोई पत्र नहीं मिला है। ऐसे में खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चला है। फिलहाल मर्ग दर्ज कर जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुदकुशी के कारणों का पता चल पाएगा।

परिवार के सदस्यों ने बताया कि कल्पना अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहती थी। वह रोजाना व्यायाम शाला भी जाती थी।ञ साथ ही उसे फैशन डिजाइनिंग का भी शौक था। उसने गोविंदपुरा आईटीआई से फैशन डिजाइनिंग का कोर्स भी किया था। वह अपने कपड़े खुद डिजाइन किया करती थी। वह मप्र पुलिस की तैयारी कर रही थी। इससे पहले कल्पना ने पटवारी की परीक्षा भी दी थी।

### सिरदर्द की वजह से नहीं गई थी

कल्पना की बड़ी बहन साक्षी ने बताया कि मैं, मेरी माता कुंती बाई परते और पित बालकृष्ण परते महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन गए थे। कल्पना भी हमारे साथ उज्जैन जाने वाली थी मगर उसने कहा कि उसको बहुत तेज सिरदर्द हो रहा है इसलिए वह नहीं जाएगी। हालांकि इससे एक सप्ताह पहले वह अपने दोस्तों के साथ उज्जैन दर्शन के लिए गई थी। सोमवार रात जब हम वापस लौट रहे थे तब सुनीता का घबराते हुए फोन आया, और उसने हमें घटना के बारे में बताया।

## विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान करने का संदेश



**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत युवाओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करने के लिए आईईएस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी ऋतुराज सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा आईईएस के विश्वविद्यालय सीईओ देवांग सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मतदान के इतिहास एवं मौलिक लोकतांत्रिक विशेषाधिकार के सम्बन्ध में युवाओं को अधिक से अधिक मतदान करने तथा वोटर आईडी बनवाने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन किया। साथ ही एडीआर संस्था के स्वयं सेवकों द्वारा लोगों को निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हस्ताक्षर वाल पर सभी ने मतदान करने तथा औरों को प्रेरित करने के लिए संकल्प कर हस्तक्षर किये। इस मौके पर 2 सौ विद्यार्थियों के मतदाता परिचय पत्र बनावाए गए एवं छात्र-छात्राओं एवं स्टॉफ के माध्यम से 5 हजार संकल्प पत्र भरवाकर जिला पंचायत के सीईओ को सौंपे। कार्यक्रम में सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रितेश शर्मा, जिला पंचायत के संदीप श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय के चांसलर बी.एस.यादव सहित छात्र-छात्राये एवं स्टॉफ उपस्थित रहा।

## संत हिरदाराम नेत्र सेवा सम्मान सिलीगुड़ी वृहत्तर लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय को



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट ने गुणवत्ता पूर्ण नेत्र सुरक्षा सेवाओं के क्षेत्र में नवाचारी प्रयोगों को सफ्लतापूर्वक कार्यान्वित करने पर देष के विभिन्न नेत्र चिकित्सा संस्थानों को प्रतिवर्ष सम्मानित करने का निर्णय लिया है । इस हेतु संत हिरदाराम नेत्र सेवा सम्मान की स्थापना की गई है । वर्ष 2023 का प्रथम संत हिरदाराम नेत्र सेवा सम्मान पष्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी वृहत्तर लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय को दिया गया है । नीमच स्थित गोमाबाई नेत्रालय में गत दिवस आयोजित सम्मान समारोह मेंआईएनजीओ विज़न 2020 राईट टु साईट इण्डिया के अध्यक्ष आर एन मोहन्ती, सीईओ डॉ. फणिन्द्र बाबू नुकेला ने यह सम्मान सिलीगुड़ी वृहत्तर लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय के सीईओ डॉ. राजेष सैनी को प्रदान किया । कार्यक्रम में गोमाबाई नेत्रालय के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, सेसनेचि के प्रबंधन ट्रस्टी एल. सी. जनियानी और कन्सल्टेन्ट कर्नल डॉ. मदन देषपाण्डे विषेष रूप से उपस्थित थे ।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर किया विद्यार्थियों की दौड़ का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले विश्वविख्यात खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंगलवार को मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में मिनी दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के कक्षा 6वीं से 11वीं तक के लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लेकर खेल दिवस के उत्साह को प्रकट किया।

लगभग 6 किलोमीटर की यह दौड़ विद्यालय परिसर से शुरु हुई और हलालपुर बस स्टैंड तक जाने के बाद पुनः विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। विद्यार्थियों में दौड़ को लेकर उत्साह, उमंग, उल्लास देखते ही बनता था। सभी प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी क्षमतानुरूप प्रदर्शन करते हुए दौड़ को पूर्ण किया। समापन पर सिद्ध भाऊ ने मैराथन में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को बधाई दी तथा खेल के महत्त्व को समझाते हुए जीवन में शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बनाए रखते हुए राष्ट्रीय निर्माण में अपना योगदान देने हेतु अपील की। संस्था सचिव ए.सी. साधवानी ने प्रतिस्पर्धा को अनुशासित एवं निष्ठा के साथ पूर्ण करने हेतु आग्रह किया। संस्था के अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी ने कहा कि हर विद्यार्थी को मेजर ध्यानचंदके जीवन से खेल के प्रति निष्ठा के साथ राष्ट्रभक्ति की भावना भी अपने स्वभाव में उतारना चाहिए। विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह एवं उप-प्राचार्या श्रीमती आशा चंगलानी ने मिनी मैराथन के सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सहसचिव कन्हैया लाल रामनानी, कोषाध्यक्ष भगवान दामानी, जीव सेवा संस्?थान के सचिव महेश दयारामानी, नवयुवक परिषद के महासचिव थावर वरलानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबानी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सृष्टि राज एवं श्रीमती दुर्गा मिश्रा द्वारा किया गया।

### यह रहे विजेता

दौड़ में प्रथम स्थान समीर सिद्दकी (11वीं), दूसरा स्थान सौरांश यादव (8वीं) एवं तीसरा स्थान तन्मय सोनकर (8वीं) ने प्राप्त किया। सात अन्य विद्यार्थियों को सांत्वना पुरूस्कार दिये गये। दूसरी कड़ी में कक्षा एक से पाँच तक के विद्यार्थियों हेतु आंतरिक खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई और विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया गया।

## हनुमान चालीसा पाठ निरंतर जारी



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** युवाओं द्वारा हनुमान चालीसा पाठ निरंतर जारी है । यह पाठ प्रत्येक शनिवार रामेश्वर नगर बुढ़ाखेड़ा स्थित मंदिर पर रात्रि साढ़े 8 बजे किया जाता है। भाजपा युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष दीपक मेहर ने बताया कि संत नगर धोबी घाट, संकट मोचन मंदिर बेहटा गांव, गुफा मंदिर लालघाटी, गांधीनगर और भी कई जगह ये पाठ प्रारंभ हो चुका है और निरंतर ही जारी है। हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होने वाले युवाओं की संख्या लगभग 150 हो गई है। इनमें हर क्षेत्र से युवा शामिल है। इनमे मुख्य रूप से तरुण नामदेव, अर्पित राजपूत, धीरज सिसोदिया, यश रॉय, निखिल रजक, सचिन मेहर, निखिल मेहर, सोनू सेन, विनय राउत, ललित सिसोदिया, नितेश नाथ, आदित्य सिंह राठौर, हर्ष राजपूत आदि मौजूद रहते है। पाठ के बाद 10 मिनिट क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर चर्चा होती है। हमारा लक्ष्य सभी को धर्म के प्रति जागरूक करना है, युवा गलत राह पर न जाएं एवम राष्ट्र व धर्म के प्रति अपनी सेवाएं देते रहे। हमारा उद्देश्य है कि सफ्ताह में एक बार किसी भी क्षेत्र में ये पाठ जरूर करे।


**शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय**
**नांदा, रामजीपुरा के पास बैतूल जिला बैतूल म.प्र.**
**आवश्यकता**

अतिथि शिक्षक वर्ग-1 निम्न विषय में अतिथि शिक्षकगणों की आवश्यकता है। स्नातकोत्तर के साथ व्यावसायिक योग्यता बी.एण्ड संबंधित विषय में अनिवार्य है। इच्छुकगण संपर्क करें।

| | | |
|---|---|---|
| अंग्रेजी | समाजशास्त्र | अर्थशास्त्र |
| भौतिक शास्त्र | रसायन शास्त्र | जीव विज्ञान |
| कृषि विज्ञान | गणित | पशुपालन |

अतिथि शिक्षक वर्ग 1 हेतु आवेदन कार्यालय समय में निर्धारित योग्यता के साथ आवेदन आमंत्रित है. 8919025926 व्हाट्सएप नंबर

**शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय**
**नांदा, रामजीपुरा के पास बैतूल जिला बैतूल म.प्र.**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**जोन क्रं. 08 यांत्रिकी विभाग**
**निविदा आमंत्रण घोषणा - पत्र**

क्रं 198/ यां.वि. / 2023 भोपाल, दिनांक 08/08/2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| S. No. | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_301991 _1 | Const ruction of swagat dwar near scindhia khel maidan harsvardhan nagar w-30 z-08 | 106285/- | 2126/- | 1000/- | 02 months | MPUADD Building and non sor 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/ 2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M.(time) 28.08.2023 (date) to 17:30 P.M. (time) 11.09.2023 (date). 3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper. 4. For special condition pleas read carefully section 3 condition of contract part-II special condition of contract (SCC).The initial period of 05 (FIVE) year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP).

नि. क्रं. 938/023/024

**Assistant Engineer (Civil) Zone- 08**
**MUNICIPALCORPORATION BHOPAL District BHOPAL**

देशबन्धु

भोपाल, बुधवार 30 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# श्रेय चाहिये, जवाबदेही नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर अवसर और परिघटना को अपने प्रचार तंत्र का हिस्सा बनाने में महारत हासिल कर चुके हैं। मौका कोई भी हो पर नया दस्तूर उन्हीं से शुरू होता है और उन्हीं पर खत्म भी। भारत के प्रत्येक हिस्से में जो कुछ हो रहा है, उसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ मोदी को जाता है- बशर्ते कि वह कार्य कामयाबी का हो। असफलता, अधूरे कार्य, प्रारम्भ ही न हुए हों ऐसे शासकीय कामों को लेकर उनका कोई दायित्व नहीं है और न ही जवाबदेही। ऐसे सारे मामलों पर मोदी का मौन अब उनकी कार्यप्रणाली का हिस्सा बन चुका है- मणिपुर से लेकर नूंह और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में पहचान कर मुसलिमों को मारने तक। कुछ लोगों के लिये उनका हर काम अभी भी मास्टर स्ट्रोक बना हुआ है तो ज्यादातर ऊब चुके हैं। मोदी यह भी नहीं देखते कि जो काम वे कर रहे हैं वह उनके पद के स्तर एवं प्रतिष्ठा के अनुकूल है भी या नहीं, परन्तु मोदी जी हैं कि मानते ही नहीं...

सोमवार को फिर ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला जब उनके हाथों नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। खुशनसीब हैं वे 51 हजार लोग जिन्हें सीधे पीएम द्वारा काम पर रखा गया। केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, असम राइफल्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल व भारत तिब्बत सीमा पुलिस में भर्ती के ये नियुक्ति पत्र बांटे गये। मोदी पहले भी 75 हजार नियुक्ति पत्र बाकायदा समारोह आयोजित कर बांट चुके हैं। नियुक्ति पत्र बांटने से प्रचार मिलता है, श्रेय मिलता है। हालांकि अब तक नियुक्ति पत्र जारी करने का काम सम्बन्धित विभागों के अफसरों, लिपिकों और उन्हें नियुक्त हुए लोगों तक पहुंचाना डाकिये का काम हुआ करता था। नये दौर में नियुक्ति पत्र जारी करने का काम राष्ट्राध्यक्ष का हो गया है। सम्भवत: मोदी जी लोगों को यह एहसास दिलाना चाहते हैं कि उनके राज में रोजगार की कोई कमी नहीं है और थोक के भाव में लोग नियुक्त हो रहे हैं।

यह विडंबना ही है कि प्रधानमंत्री देश में रोजगार की वास्तविक स्थिति बतलाने के लिये तैयार नहीं हैं। न ही वे यह बतलाते हैं कि उन्होंने हर साल जो 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ। इस वायदे के अनुसार तो अब तक 18 करोड़ लोगों के पास रोजगार होना चाहिये था, पर आलम यह है कि करोड़ों लोग बेरोजगार हैं। शिक्षण संस्थाओं से पढ़कर निकलने वाले युवा तो धक्के खा ही रहे हैं, कोविड-19 के कारण करोड़ों लोगों की नौकरियां ही चली गयीं। लाखों ने काम की तलाश ही बन्द कर दी है। उनकी सरकार बाकायदा संसद में बतलाती है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा उसके पास नहीं है। केन्द्र की नीति और कार्यक्रम भी ऐसे हैं जिनसे रोजगार सृजित होने का सवाल ही नहीं है। नोटबन्दी और जीएसटी ने छोटे, मध्यम व घरेलू उद्योगों की कमर तोड़ दी। ये सेक्टर सर्वाधिक रोजगार देने वाले रहे हैं। फिर, निजीकरण की ओर सरकार का ऐसा झुकाव है जिसमें नवीनतम तकनीकों तथा लागत घटाने के उद्देश्य से लोगों की छंटनी आम है। रेलवे, सेना समेत कई विभागों एवं संस्थानों में वर्षों से लाखों पद खाली पड़े हैं। अनेक शासकीय कम्पनियों में इसलिये जान-बूझकर भर्तियां नहीं की जा रही हैं ताकि वे घाटे में आ जाएं और उन्हें निजी हाथों को बेच दिया जाये। नियुक्ति पत्र बांटने वाले मोदी यह कभी नहीं बताते कि देश के युवाओं की बेरोजगारी खत्म करने के लिये उनके पास क्या योजना है। यह भी नहीं बतलाते कि घोषणाओं की बजाये परिणाम कब दिखेंगे।

मोदी की यही कार्य प्रणाली सर्वत्र दिखती है। 85 करोड़ लोगों को हर माह जो 5 किलो राशन मुफ्त में मिल रहा है उसके पैकेट पर मोदी की तस्वीरें तो लगी हैं, पर असल में उसका सम्बन्ध उनसे सिर्फ इतना ही है कि वे जतलाने चाहते हैं कि यह राशन जनता को उन्हीं की कृपा से मिला है। देश में भुखमरी की ऐसी स्थिति क्यों है और गरीबों के पेट भरने के लिये उनके पास कौन सी उपाय योजनाएं हैं- इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। मनरेगा जैसी कल्याणकारी योजनाओं की हंसी उड़ाने वाले मोदी मुफ्त राशन योजना का न तो औचित्य बता रहे हैं और न ही बता सकते हैं कि विश्व भुखमरी सूचकांक की खराब रैंकिंग से देश कैसे उबरेगा।

हाल ही में ग्रीस से लौटे मोदी लौटने के बाद सीधे बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) गये जहां उन्होंने वैज्ञानिकों से मुलाकात कर बहुत भावनात्मक भाषण किया। वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और समर्पण भाव का उल्लेख करते हुए उनका गला रूंध गया, आंसू छलक गये। यहां तक तो ठीक है पर उन्होंने यह नहीं बताया कि 23 अगस्त को चांद पर सफल लैंडिंग करने वाले चन्द्रयान-3 और सितम्बर के पहले सप्ताह में छोड़े जाने वाले आदित्य-1एल जैसे महत्वाकांक्षी योजनाओं के बजट में 32 फीसदी की कटौती क्यों की गयी और पिछले साल के मुकाबले केन्द्र को 13200 करोड़ रुपये घटाकर क्यों दिये गये। सोशल मीडिया पर यह जो चल रहा है कि वहां के कर्मचारियों व वैज्ञानिकों को कई महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है, सच है या गलत- मोदी यह भी बताएं।

ऐसे ही, बार-बार विदेश जाने वाले मोदी का सरोकार वहां केवल अपनी व्यक्तिगत छवि चमकाना, कारोबारी मित्रों को ठेके दिलाना तथा हथियार या टेक्नालॉजी खरीदना रह गया है। उन मुल्कों में वे प्रायोजित भीड़ से मिलते हैं और इवेंट करते हैं। यह सारा कुछ मोदी को प्रचार दिलाता है लेकिन संसदीय परम्परा के अनुरूप हर यात्रा से लौटकर राष्ट्रपति से मिलने का संवैधानिक कर्तव्य निभाना उन्हें आवश्यक नहीं जान पड़ता।

# राजनीतिक घुसपैठ ने भारतीय उच्च शिक्षा को संकट में डाला

■ नन्तु बनर्जी

राज्यों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के प्रबंधन पर नियंत्रण को लेकर भाजपा शासित केंद्र और विपक्ष की सरकारों के अधीन राज्यों के बीच बढ़ते सत्ता संघर्ष से देश की उच्च शिक्षा प्रणाली की पवित्रता के बर्बाद होने का गंभीर खतरा उपस्थित हो गया है। कई विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्री और वहां केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपाल विश्वविद्यालय के कुलपतियों (वीसी) की नियुक्तियों को लेकर एक-दूसरे के विरुद्ध आमने-सामने हैं। दोनों पक्ष अपनी-अपनी पसंद के अनुसार राजनीतिक नियुक्तियां चाहते हैं।

हाल ही में, तमिलनाडु की राज्य विधानसभा ने 13 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्ति को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दो विधेयक पारित किये। पिछले साल, पश्चिम बंगाल की राज्य विधानसभा ने राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया था। विधेयक को अभी राज्यपाल की सहमति मिलनी बाकी है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड और राजस्थान राज्यों में ऐसे कानून हैं जो विश्वविद्यालय के कुलपतियों की नियुक्ति पर राज्य और राज्यपाल के बीच सहमति की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

हाल ही में, राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के अंतरिम कुलपति के रूप में कई वरिष्ठ प्रोफेसरों की नियुक्ति को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस, जो कि एक पूर्व नौकरशाह हैं और 2019 में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने, के बीच मामला आमने-सामने आ गया है।

पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने प्रोफेसरों से राज्यपाल की नियुक्तियों को अस्वीकार करने का आग्रह किया, जबकि राज्य कानूनी राय मांग रहा है। प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय के अंतरिम कुलपति के रूप में भाजपा के अनुयायी प्रोफेसर बुद्धदेव साव की नवीनतम नियुक्ति ने राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच दरार को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है क्योंकि बसु ने आनंद बोस पर यूजीसी के कुलपति नियुक्ति दिशानिर्देशों का बार-बार उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इसके लिए प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव आवश्यक है। बताया जाता है कि प्रो. साव मानदंडों पर पूरी तरह खरे नहीं उतरते हैं।

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति के लिए तुरंत कवायद शुरू की जाए। प्रख्यात इतिहासकार प्रो. सुरंजन दास का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 1 जून से जादवपुर विश्वविद्यालय नेतृत्वविहीन चल रहा है। राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने अभी तक उनके उत्तराधिकारी के लिए एक खोज समिति का गठन नहीं किया है। विशेष रूप से उस विश्वविद्यालय के जो दुनिया के शीर्ष संस्थानों में सूचीबद्ध है। 2023 में क्यू एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जादवपुर यूनिवर्सिटी को 701-750वां और एशिया में 182वां स्थान मिला।

सामान्य परिस्थितियों में, कुछ लोग विश्वविद्यालय में अंतरिम वीसी की नियुक्ति के लिए राज्यपाल आनंद बोस को दोषी ठहरा सकते हैं, बशर्ते कि यह राज्य सरकार के परामर्श से हो और चयनित उम्मीदवार यूजीसी मानदंडों को पूरा करता हो।

पिछले साल, नवंबर में, सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले में कहा गया था कि विश्वविद्यालय के कुलपतियों को विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में 10 साल की सेवा करनी चाहिए और उनके नाम की सिफारिश एक खोज-सह-चयन समिति द्वारा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वीसी की नियुक्ति खोज-सह-चयन समिति द्वारा अनुशंसित नामों में से की जानी है।

जस्टिस एम.आर. शाह और एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा 10(3) का उल्लेख किया जिसमें प्रावधान है कि समिति को उनकी योग्यता और पात्रता के आधार पर वीसी के रूप में नियुक्ति के लिए तीन व्यक्तियों की सूची तैयार करनी चाहिए। फैसले में प्रोफेसर नरेंद्र सिंह भंडारी की चुनौती से निपटा गया, जिनकी सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के वीसी के रूप में नियुक्ति को पहले उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था। भंडारी की नियुक्ति के खिलाफ तर्क यह था कि उनके पास विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में अपेक्षित 10 साल का शिक्षण अनुभव नहीं था। 2017 में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त होने तक उनके पास प्रोफेसर के रूप में केवल 8.5 वर्ष का अनुभव था। हालांकि, उन्होंने मामला बनाया कि आयोग की सेवा के दौरान वह लंबी छुट्टी पर थे और प्रोफेसर के पद पर उनका ग्रहणाधिकार जारी रहा।

उन्हें 2020 में वीसी नियुक्त किया गया था। 'केवल इसलिए कि प्रोफेसर के पद पर उनका ग्रहणाधिकार जारी था, यह नहीं कहा जा सकता है कि ग्रहणाधिकार की अवधि के दौरान उन्होंने पढ़ाना जारी रखा और/या उनके पास शिक्षण का अनुभव था। यहां तक कि संविधान के अनुच्छेद 319 पर विचार करते हुए भी, लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में काम करते हुए, वह किसी अन्य पद पर कोई अन्य कार्य नहीं कर सकते थे, 'न्यायाधीश शाह, जिन्होंने निर्णय लिखा था, ने कहा। अदालत ने उनके इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि वह लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए पीएचडी विद्वानों की देखरेख कर रहे थे और इसे उनके शिक्षण अनुभव का हिस्सा माना जाना चाहिए। अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा, 'पीएचडी विद्वानों की देखरेख करने वाले को विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में शिक्षण अनुभव होना नहीं कहा जा सकता है।'

कुछ इसी तरह के मामले में, शीर्ष अदालत ने पहले केरल में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, तिरुवनंतपुरम के वीसी के रूप में डॉ. राजश्री एम.एस. की नियुक्ति को रद्द कर दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अकादमिक रूप से प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक खोज समिति द्वारा अनुशंसित नामों के पैनल से वीसी के चयन के महत्व को रेखांकित किया।

जिन लोगों ने अपना कामकाजी जीवन अकादमिक क्षेत्र में बिताया, वे विश्वविद्यालयों के कार्यात्मक प्रमुखों की गुणवत्ता के बारे में चिंतित हैं। हाल के वर्षों में, कई कुलपति खबरों में रहे हैं, हालांकि ज्यादातर गलत कारणों से। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी चंद्राकृष्णमूर्ति को 2016 में शर्मनाक तरीके से पद छोड़ना पड़ा। उनका जबरन इस्तीफा पूरी तरह से छात्रों और शिक्षकों के आंदोलन का नतीजा नहीं था, बल्कि, महत्वपूर्ण बिंदु एक उच्च-स्तरीय जांच के निष्कर्षों से आया, जिसमें उसे अकादमिक धोखाधड़ी का दोषी पाया गया: जिसमें उन पुस्तकों के बारे में दावे शामिल थे जो उसने नहीं लिखी थीं और अपने सीवी में एक काल्पनिक डी. लिट डिग्री सूचीबद्ध किया था।

इससे पहले, बंगाल में, जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति अभिजीत चक्रवर्ती को कार्यालय छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। जबकि एक छेड़छाड़ के मामले में सार्थक प्रतिक्रिया देने में उनकी विफलता ने एक जोरदार और ऊर्जावान छात्र आंदोलन को जन्म दिया, उन्होंने अपने राजनीतिक रसूख का उपयोग करके स्थानीय पुलिस द्वारा छात्रों को पिटवाकर आग में घी डालने का काम किया।

पिछले जनवरी में, दूरदर्शिता या पूर्व-दृष्टिकोण के तहत, राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति जे.पी. सिंघल ने जयपुर स्थित दो कार्यकर्ताओं द्वारा दायर याचिका प र उच्च न्यायालय द्वारा उनके भाग्य का फैसला करने से एक दिन पहले अपना इस्तीफा दे दिया। याचिकाकर्ता वीसी के शैक्षणिक मूल्य पर सवाल उठा रहे थे, जिन्होंने कार्यालय में मुश्किल से सात महीने पूरे किये थे।

भारत में विश्वविद्यालयों में राजनीतिक घुसपैठ कोई नई बात नहीं है। इसकी शुरुआत 1960 के दशक में हुई जब वामपंथी दलों और उनके छात्र संघों ने स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक सभी स्तरों पर शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए जोरदार अभियान शुरू किया। उस समय, लड़ाई ज्यादातर वामपंथी और पारंपरिक कांग्रेस पार्टी से जुड़े छात्र संगठनों के बीच थी।

1990 के दशक में स्थिति बदल गई जब भाजपा ने राज्यों के साथ-साथ केंद्र में भी राजनीतिक शक्ति का परीक्षण करना शुरू कर दिया। हिंदू राष्ट्रवादी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध दक्षिणपंथी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच अपने अनुयायियों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए सामने आई। दरअसल, लगभग सभी राज्य और केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान अब सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के प्रभाव में हैं। राजनीतिक दल और नेता विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों से आने वाले आलोचनात्मक मूल्यांकन और स्वतंत्र आवाज़ों को लेकर, भले ही असुरक्षित न हों, असहज हो रहे हैं।

> तमिलनाडु की राज्य विधानसभा ने 13 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्ति को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दो विधेयक पारित किये। पिछले साल, पश्चिम बंगाल की राज्य विधानसभा ने राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया था। विधेयक को अभी राज्यपाल की सहमति मिलनी बाकी है।

# लोकसभा चुनाव के लिए है इंडिया गठबंधन, राज्यों के चुनाव के लिए नहीं

■ नित्य चक्रवर्ती

भाजपा विरोधी विपक्षी दलों की 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक से पहले घटक दलों और जनता के लिए एक प्रमुख मुद्दा स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए कि इंडिया गठबंधन मुख्य रूप से 2024 में लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए बनाया गया है, तथा वर्तमान 26 सदस्यीय ब्लॉक का यह उद्देश्य राज्यों में अपने-अपने आधार का विस्तार करने के लिए घटक दलों की महत्वाकांक्षा से नहीं टकराता है।

इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का गठबंधन रहा है और इसका उद्देश्य राज्य चुनावों तक विस्तार करना नहीं है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि भारत के घटक दल हमेशा राज्यों में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे और केवल लोकसभा चुनावों के दौरान ही हाथ मिलायेंगे।

राज्यों में यह मुद्दा थोड़ा जटिल है, फिर भी, प्रत्येक राज्य में अग्रणी इंडिया घटक पार्टी भाजपा के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने के लिए किसी अन्य घटक के साथ गठबंधन की कोशिश कर सकती है। यदि राज्य चुनावों में कुछ सीमित गठबंधन होता है, तो यह अच्छा है, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है, तो इसका लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन की संयुक्त कोशिश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

भारत में संसदीय चुनावों के पिछले सात दशकों में, कई कांग्रेस-विरोधी मोर्चों के आने से राजनीतिक परिदृश्य पिछली सदी के साठ के दशक से बदल गया है। यह प्रक्रिया 1977 में जनता पार्टी के गठन और मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली कांग्रेस विरोधी सरकार के आने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर शुरू हुई।

उसके बाद, कई विभाजन और नये गठन हुए, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वीपी सिंह के नेतृत्व वाला जनता दल था जिसने 1989 में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार बनाई। 88 सीटों वाली भाजपा ने एक तरफ से और वामपंथी दलों ने दूसरी तरफ से इसका समर्थन किया। यह वह सरकार थी जिसने भाजपा को केंद्र के प्रमुख क्षेत्रों में अपने लोगों को शामिल करने में मदद की। वामपंथियों को भाजपा की साजिशों के बारे में पता था लेकिन वे कुछ नहीं कर सके। 1996 में कांग्रेस और भाजपा विरोधी पार्टियों का एक और मोर्चा बना और इस मोर्चे ने कुछ समय तक सरकार का नेतृत्व किया।

इसके बाद 1998 में भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नामक मोर्चे का नेतृत्व किया। यह एनडीए अब 25 साल पुराना हो चुका है और इसमें अब 37 पार्टियां सदस्य बन चुकी हैं। 1998 से 2004 तक एनडीए सरकार में थी, फिर 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने वापसी की। 2004 में, कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का गठन किया और इस सरकार ने नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में आने से पहले 2014 के लोकसभा चुनाव तक शासन किया। 2014 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद यूपीए ज्यादा सक्रिय नहीं था और आखिरकार पिछले महीने बेंगलुरु कॉन्क्लेव में इसकी जगह इंडिया गठबंधन ने ले ली। यूपीए में 16 सदस्य थे लेकिन इंडिया में अब 26 हैं। मुंबई कॉन्क्लेव में और भी लोगों को शामिल किया जा सकता है।

ध्यान रहे कि ऐसे गठबंधन किसी ऐतिहासिक आवश्यकता के कारण बनते तो हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाते। गंभीर राष्ट्रीय राजनीतिक दल भविष्यवादी दृष्टिकोण अपनाते हैं और वे किसी भी अस्थायी गठबंधन के बावजूद, दीर्घकालिक खिलाड़ी के रूप में अपने कार्यक्रम उसी के अनुसार बनाते हैं। मुंबई कॉन्क्लेव पेशेवर तरीके से होना चाहिए और 31 अगस्त तक सभी प्रमुख समितियों और संयोजक समेत समूहों का फैसला हो जाना चाहिए ताकि अगले दिन होने वाली अंतिम बैठक में बिना किसी रुकावट के नामों को मंजूरी मिल सके।

इनमें से सबसे अहम कमेटी सीट बंटवारे को लेकर है। इसमें उन नेताओं को शामिल किया जाना चाहिए जिनमें बातचीत को सफलता के साथ आगे बढ़ाने के अद्भुत गुण हों। इस समिति में ऊंचे कद वाले नेताओं को भी शामिल किया जाना चाहिए जिनका सभी घटक सम्मान करते हों। यह और अभियान समिति दो सबसे महत्वपूर्ण निकाय हैं जो 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया के लिए निर्णायक भूमिका निभायेंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को देखते हुए, कुछ कठिन तथ्य हैं जिन पर इंडिया गठबंधन के नेताओं को विचार करना चाहिए। एनडीए, विशेष रूप से भाजपा लोकसभा चुनावों में सीटों और वोटों दोनों के मामले में आगे है, लेकिन राज्य चुनावों के स्तर पर, इंडिया गठबंधन काफी बेहतर है। उदाहरण के लिए, 2019 के लोकसभा चुनाव में, एनडीए को 25.9 करोड़ वोटों के साथ 353 (अब 332) सीटें मिलीं, जबकि वर्तमान गठबंधन को 22.9 करोड़ वोटों के साथ 144 सीटें मिलीं, जिसमें 3 करोड़ वोटों का अंतर था।

इसके विपरीत, यदि हम पिछले पांच वर्षों के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों को देखें, तो इंडिया गठबंधन के घटकों को 26.8 करोड़ वोटों के साथ 1793 सीटें मिली हैं, जो एनडीए की 1704 सीटों (23.2 करोड़ वोटों) के मुकाबले 3.6 करोड़ वोटों की भारी बढ़त है। यह एक बड़ी बढ़त है और यह नवीनतम राज्य विधानसभा चुनावों तक है। इसलिए, इंडिया के नेता इस आधार पर शुरुआत कर सकते हैं कि राज्यों में मतदाताओं का मूड इंडिया गठबंधन की पार्टियों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के पक्ष में है।

लेकिन लोकसभा चुनाव में एनडीए को फायदा मिलता है। इसलिए इंडिया गठबंधन के नेताओं का प्राथमिक कार्य उन क्षेत्रों की पहचान करना है जो इस अंतर को खत्म कर देंगे जो मूल रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रांड छवि के कारण है जो अभी भी कायम है। तीसरे इंडिया सम्मेलन में यह सुनिश्चित करना होगा कि अगले आठ महीनों में, इंडिया गठबंधन के नेता और घटक दलों द्वारा संचालित राज्य सरकारें मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए सांप्रदायिक गड़बड़ी आयोजित करने के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सतर्क रहें।

नरेंद्र मोदी तीन सूत्री फॉर्मूले राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और गरीबों, खासकर ओबीसी के लिए कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चुनाव अभियान में मोदी लाइन को चुनौती देने के लिए इंडिया गठबंधन को एक अत्यधिक नवोन्मेषी आख्यान अपनाना होगा। हिंदू कट्टरपंथी के रूप में मोदी की लगातार आलोचना करने की पुरानी प्रचार शैली काम नहीं करेगी।

> लोकसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को देखते हुए, कुछ कठिन तथ्य हैं जिन पर इंडिया गठबंधन के नेताओं को विचार करना चाहिए। एनडीए, विशेष रूप से भाजपा लोकसभा चुनावों में सीटों और वोटों दोनों के मामले में आगे है, लेकिन राज्य चुनावों के स्तर पर, इंडिया गठबंधन काफी बेहतर है।

## रक्षाबंधन पर्व आज

# राखी का पर्व सात्विक, स्नेह और प्रेम का पर्व

समाज का हर वर्ग एक दूसरे को स्नेह के बंधन में बांध लें तो जीवन ही निखर जाएगा। अभाव का अंत हो जाएगा। एक दूसरे की रक्षा करने की भावना बलवती करने वाला पर्व है। शत्रुता का शमन कर मित्रता एवं भाई चारे को बढ़ाने वाला पर्व है। भाई और बहन के प्यार में जो सात्विकता दिखती है वह अन्य संबंधों में कहां परिलक्षित हो पाती है। विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो की वह घटना क्या विश्व कभी भूल पाएगा? जिसमे स्वामी विवेकानंद ने उस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने उद्गार व्यक्त करने से पहले सभा को संबोधित करते हुए कहा- बहनों और भाइयों,'सिस्टर एंड ब्रदर' कहा था। इसके पहले अमेरिकावासी लेडिज एंड जैंटलमैन महिला और पुरुषों का संबोधन ही सुनते थे।

रक्षाबंधन सारे समाज का पर्व है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह करे और समाज की व्यवस्था को बनाए रखने हेतु संपन्न वर्ग अपने से विपन्न व्यक्ति का सहयोग करें यही संदेश है रक्षाबंधन का। भारतीय जनमानस में रक्षाबंधन भाई और बहन के स्नेह का त्यौहार है। वहीं प्रतिवर्ष बहन अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उसके सुखी और संपन्न बनने की मंगल कामनाएं करती हैं।

भारतवर्ष पर्व प्रधान देश है। इस देश में प्रतिदिन कोई न कोई पर्व आता ही है। कुछ ऐसे पर्व है जो किसी धर्म या जाति से संबंध नहीं रखते, धर्म या जाति से बंधे नहीं होते। उनका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व होता है। ऐसे पर्व में रक्षाबंधन का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। रक्षा का अर्थ है- प्रेम, दया,सहयोग और सहानुभूति। रक्षा जीवन में मधुरता का संचार करती है। भाईचारे की भावना को उजागर करती है। रक्षा की भावना से उत्प्रेरित होकर मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने धनुष उठाया था और कर्मयोगी श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र धारण किया था। बड़े-बड़े वीरों ने रक्षा की भावना से तलवार उठाया था। रक्षा शब्द में जीवन की शक्ति है, प्राण है, आत्मा का निर्गुण है। मानव हृदय की अद्भुत कोमलता है। दूसरों के दुखों से द्रवित होकर उनकी रक्षा के लिए अपने सुखों का बलिदान करना और कष्टों को स्वीकार करना यह रक्षा के साथ जुड़ा है। विराट विश्व में जितना भी दुख है,उसको नष्ट करने की क्षमता रक्षा शब्द में रही हुई है। रक्षा मानव मन की पवित्रता का पावन प्रतीक है। आज राखी बांधकर कहीं कोई किसी का भी अपना भाई बहन बन सकता है। समाज में कितने ही स्त्री पुरुष राखी के पवित्र धागो धर्म भाई और धर्म बहन बनकर राखी के पवित्र पर्व की माता का निर्वहन करते हैं। भारत के इतिहास में ऐसी कई घटनाएं हैं जिन्होंने राखी के पर्व की महता को बढ़ाया है। बहनों के सम्मान की रक्षा कीजिए। रक्षाबंधन से संबंधित अन्य अनेक प्रसंग है पर आज राष्ट्र में हजारों बहनें हैं जिसका जीवन असुरक्षित है।

राखी के रूप में जब वह धागा बंधता है तो वह धागा नहीं परन्तु रक्षासूत्र बन जाता है। जिसने आपके हाथों में राखी बांध दी, उसके जीवन का दायित्व आप हम पर है। केवल चंद चांदी के टुकड़े देखकर आप चाहें कि मैं उत्तरदायित्व से मुक्त हो जाऊंगा, नहीं हो सकते। जो उच्च दायित्व आपने ग्रहण किया है उसे ईमानदारी के साथ निभाएंगे तभी रक्षा सूत्र की सार्थकता है। यही है कि इस पर आत्मा हम दुखियों से दुख दर्द में सहयोगी सुख शांति का अनुभव करने लगेगी। प्राणी मात्र की रक्षा के लिए संकल्प करें। रक्षा के लिए बंध जाए। भारतीय जनमानस में रक्षाबंधन भाई और बहन का त्यौहार है वहीं प्रतिवर्ष बहनें अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उसकी सुखी और संपन्न बनने की मंगल कामना करती है। उसके बदले भाई अपनी तरफ से कुछ भेंट देकर बहन का सम्मान करता है। आज इसका रूप विकसित हो गया हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# दुःख,परसाई और रक्षा-बंधन

रक्षा-बंधन का पावन पर्व जब आता है तब हरिशंकर परसाई की याद बेखटके चली आती है उन्होंने अपनी बहिन सीता जो अल्पायु में वैधव्य को प्राप्त कर अपने बच्चों के साथ वापस मायके आ गई थीं उनके लिए अपना सर्वस्व जीवन अर्पण कर दिया। दो-दो सरकारी नौकरी छोड़ने पर भी उन्होंने दो बहिन रुक्मणि और सीता तथा भाई गौरीशंकर की जिम्मेदारी भलीभांति संभाली। यह जिम्मेदारी उनके पिताजी ने मृत्यु से चंद दिनों पूर्व उन्हें सौंपी थी। भाई गौरीशंकर तो एक नौकरी में टिक गए पर निष्फिकर रहे। सारा जिम्मा बहनों के पालन-पोषण और विवाह का परसाई ने संभाला। जिम्मेदारी का सिलसिला थोड़ा विराम ले ही रहा था कि सीता और उनके बच्चों के पालन पोषण जब फिर आ गया तो परसाई ने घनघोर लेखन किया औरभाषण देने का मनमाफिक पैसा भी लिया। लेखन के तेवर भी ऐसे कि उनके कई शत्रु भी बन गए। सरकार के खिलाफ भी खूब लिखा किंतु तत्कालीन सरकार ने उन्हें कभी नहीं सताया। बल्कि उनके लेखन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

इतने ग़मों और हरिशंकर जैसे भाई के अभी ज़िंदगी ज़रा सी संतुष्ट नज़र आई ही थी कि 10 अगस्त सन् 1995 की वह काली सुबह जिसने रक्षा-बंधन को सीता से हरिशंकर भाई को छीन लिया। सीता बहन के लिए वह सबसे दुःखकर क्षण जब वे भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए थाली सजा रहीं थीं। उनकी बहन पर यह बड़ा वज्रपात था। बंगाल बिहार में आज भी सीता नाम नहीं रखा जाता क्योंकि सीता का तमाम जीवन विपदाओं में बीता था। परसाई की बहन सीता की व्यथा इसे याद दिला देती है।

परसाई जी चले गए किंतु लेखकों को जो संदेश देते रहे वो अनमोल है। वे लिखते हैं-'मैंने लेखन को दुनिया से लड़ने के लिए एक हथियार के रूप में अपनाया होगा। दूसरे, इसी में मैंने अपने व्यक्तित्व की रक्षा का रास्ता देखा तीसरे, अपने को अवशिष्ट होने से बचाने के लिए मैंने लिखना शुरू कर दिया। यह तब की बात है, मेरा ख्याल है, तब ऐसी ही बात होगी पर जल्दी ही मैं व्यक्तिगत दुख के इस सम्मोहन-जाल से निकल गया। मैंने अपने को विस्तार दे दिया। दुखी और भी हैं, अन्याय पीड़ित और भी हैं। अनगिनत शोषित हैं। मैं उनमें से एक हूं पर मेरे हाथ में कलम है और मैं चेतनासम्पन्न हूं, यहीं कहीं व्यंग्य-लेखक का जन्म हुआ। मैंने सोचा होगा- रोना नहीं है, लड़ना है,जो हथियार हाथ में है, उसी से लड़ना है। मैंने तब ढंग से इतिहास, समाज, राजनीति और संस्कृति का अध्ययन शुरू किया। साथ ही एक औघड़ व्यक्तित्व बनाया और बहुत गंभीरता से व्यंग्य लिखना शुरू कर दिया मुक्ति अकेले की नहीं होती। अलग से अपना भला नहीं हो सकता। मनुष्य की छटपटाहट है मुक्ति के लिए, सुख के लिए, न्याय के लिए।' अपनी पुस्तक 'हम इक उम्र से वाकिफ हैं' में परसाई जी लिखते हैं कि मैंने अपने दुखों का ढिंढोरा नहीं पीटा। लेखन के आरंभ में कुछ उद्वेलित हुआ था और बाद में एक लेख 'गर्दिश के दिन' में लिखा था कि मैं नही चाहता अपने दुखों को बहुत महत्व देना, उन्हें महिमामंडित करना और बड़े लेखक होने के लिए जो 'मार्कशीट' तैयार होती है उसमें दुख के विषय में अधिक नंबर जुड़वाना। अधिक दुख भोगने मात्र से कोई बड़ा लेखक नहीं होता। अधिक दुख भोगने वाला चोर भी हो जाता है। किसी को बड़ा लेखक इसलिए नहीं माना जा सकता है कि उसने बहुत दुख भोगे हैं। सिर्फ हाय-हाय की कूची से कला में रंग नहीं भरे जाते।'

आइए हम सब भी तमाम दुखों से निजात पाने कलम रूपी हथियार उठाएं।

**-सुसंस्कृति परिहार**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार–समाचार

### कालापठार स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** कालापठार प्राथमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने संगीत और नृत्य के माध्यम से इस आयोजन में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी भगवान सिंह राजपूत विकासखंड शिक्षा अधिकारी पड़ता अहिरवार महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कोमल उपाध्याय मौजूद रही। सभी अधिकारियों ने स्कूल ही बच्चों और वहां के शिक्षक पृथ्वी सिंह रघुवंशी की सक्रियता और मतदाता जागरूकता अभियान में किए गए सहयोग की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर शिक्षक गोपाल दास अहिरवार रानी रघुवंशी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका ग्रामवासी महिलाएं उपस्थित थीं।

### पूर्व कांग्रेस विधायक ने पटवारियों की मांगों का किया समर्थन

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलम बंद हड़ताल पर गए पटवारी ने मंगलवार को तहसील प्रांगण में टेंट लगाकर धरना दिया । पटवारी के हड़ताल पर जाने से राजस्व विभाग का कामकाज ठप हो गया है किसान खसरा खतौनी की नकलन से लेकर गिरदावरी काम के लिए भी परेशान होते नजर आ रहे हैं । मंगलवार को पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन द्वारा पटवारी संघ की मांगो को लेकर तहसील प्रांगण में उनके समर्थन पर धरना स्थल पर पहुंचकर उनकी मांगों को लेकर धरने पर बैठे जहा पटवारियों को 2100 का ग्रेड पे के मान से वेतन दिया जा रहा है जिसे बढाकर 2800 ग्रेड पे के मान से वेतन दिया जावे एवं धरना में उपस्थित पटवारियों को आश्वासन दिया कि कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर पटवारी संघ की मांगो पर गम्भीरता पूर्वक विचार किया जावेगा। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी की ओर से कांग्रेस नेता बहादुर सिंह दांगी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा खिलान सिंह रघुवंशी बी डी शर्मा विष्णुप्रसाद शर्मा मनोज यादव पवन रिछारिया रघुवीर सिंह राजपूत गौरव शर्मा अजय तिवारी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 2आदतन अपराधी जिलाबदर

**रायसेन, देशन्धु।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी जेके उर्फ जयकुमार जैन पिता राजेन्द्र जैन निवासी रामनगर बेगमगंज जिला रायसेन को चार माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2007 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 25 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी जेके उर्फ जयकुमार जैन को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से चार माह के लिए निष्कासित किया गया है। इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी रंगा उर्फरंगलाल उर्फकनीराम पिता बाबूलाल प्रजापति निवासी ग्राम उमरावगंज थाना उमरावगंज जिला रायसेन को चार माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2006 से लगातार आपराध घटित करता चला आ रहा है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 11 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी रंगा उर्फरंगलाल उर्फकनीराम को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से चार माह के लिए निष्कासित किया गया है।

# कलेक्टर ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को मतदान के लिए किया प्रेरित

▶ निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए वृद्धजनों को दी जाने वाली सुविधाओं की दी जानकारी

**रायसेन, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित महात्मा गॉधी वृद्धाश्रम पहुंचकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों से व्यवस्थाओं, सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही वृद्धजनों को मतदान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराते हुए आगामी निर्वाचन में मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ तथा स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया भी उपस्थित रहीं। सभी ने वृद्धजनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए वस्त्र और मिठाई भेंट की। कलेक्टर श्री दुबे ने वृद्धजनों से चर्चा के दौरान आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि वृद्धजन बिना किसी परेशानी के चुनावों में मतदान कर सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा वृद्धजनों को घर पर ही मतदान करने की सुविधा भी दी है। उन्होंने बताया कि ऐसे वृद्धजन जो मतदान केन्द्र तक जाने में असमर्थ है या चल फिर नहीं सकते, ऐसे वृद्धजन अपने घर पर ही अधिकारियों की मौजूदगी में मतदान कर सकते हैं। यह प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय रहती है। इसके अलावा यदि वृद्धजन मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करना चाहते हैं तो उन्हें वाहन के माध्यम से घर से मतदान केन्द्र तक लाने और मतदान के बाद वापस घर तक छोड़ने की सुविधा प्रदान की जाती है। मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं रहती हैं।



**वृद्धजनों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने कलेक्टर ने स्वयं कराया आवेदन:** कलेक्टर दुबे द्वारा वृद्धजनों से पूछा कि किन–किन के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है या रायसेन की मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है। इस पर पारोबाई, उर्मिला बाई, राम सिंह तथा बालमुकंद ने बताया कि उनके नाम यहां की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। इसके उपरांत कलेक्टर श्री दुबे ने फोन कर संबंधित कर्मचारी को वृद्धाश्रम बुलाया तथा स्वयं की उपस्थिति में वृद्धजनों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन की कार्यवाही पूर्ण कराई। वृद्धाश्रम में निवासरत पारोबाई, उर्मिला बाई, श्रीमत बैनी बाई, गुलाब बाई, जसोदी बाई, श्रीमती भवरी बाई, राम सिंह,बालमुकुंद,सुकलाल तथा श्री हरिप्रसाद के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया।

**वृद्ध नारायण प्रसाद ने सुनाया मतदाता जागरूकता गीत:** वृद्धाश्रम में निवासरत लगभग 70 वर्षीय नारायण प्रसाद ने मतदान पर बनाए गए गीत ''वोट डालवे जईयो रे, घर बैठे ना रईयो रे.....'' का गायन किया गया, जिसकी कलेक्टर श्री दुबे, एसपी श्री शहवाल तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भदौरिया सहित सभी ने सराहना की तथा तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। वृद्धाश्रम में वर्तमान में 27 वृद्धजन निवासरत हैं जिनमें 15 महिला तथा 12 पुरूष है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक विनोद बघेल, सामाजिक न्याय विभाग के प्रशासनिक अधिकारी बृजेन्द्र शर्मा सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

# राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेजर ध्यानचंद का जीवन परिचय प्रोजेक्टर द्वारा दिखाया गया। इस मौके पर अतिथि के रुप में सहकार भारती के राष्ट्रीय संयोजक गजेंद्र गौतम, एथलेटिक्स खिलाड़ी सुमित अग्रवाल, बैडमिंटन खिलाड़ी रुद्र रिछारिया,कौस्तुभ शिरडोरकर, शिक्षा समिति सदस्य रविंद्र जैन,प्रचार्य आर आर द्विवेदी,उप प्राचार्य पीयूष दुबे एवं खेलअधिकारी मनीष अहिरवार मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देने वाले कोच शुभम राजपूत, गजेंद्र दांगी,राहुल विश्वकर्मा,गौरव भारद्वाज ,हेमंत विश्वकर्मा,नीलेश कुशवाह को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहराने वाले खिलाड़ियों में नितिन रघुवंशी को शतरंज,विधिका को एथलेटिक्स तार गोला फेंक, विपिन मालवीय को कबड्डी, आयुष जैन को कैरम,अनिकेत रघुवंशी को कबड्डी, श्रिया शिरोडकर को शतरंज, हनी रैकवार को ताइक्कांडो,अमित राय को शतरंज, पियूष बघेल को एथलेटिक्स लम्बी कूद,जाग्रत रघुवंशी को ताइक्कांडो, वंश रघुवंशी को शतरंज,श्रष्टि तिवारी को एथलेटिक्स तार गोला फेंक,कुलदीप दांगी को कैरम खेल में राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर शहर का नाम रोशन करने के लिए पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया । खेल दिवस पर लबीएस में महाविद्यालय स्तर की बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बैडमिंटन प्रतियोगिता मे पुरुष वर्ग मे विजेता अजय विश्वकर्मा,उप विजेता पियूष जैन रहे वही बालिका वर्ग मे दीक्षा नामदेव प्रथम और द्वितीय जानवी ओदीच्य उप विजेता रही।

# अभिषेक-पूजन के साथ अग्रवाल समाज की नवनिर्मित धर्मशाला का शुभारंभ



**भेरूंदा/नसरूलागंज, देशबन्धु।** अग्रवाल समाज की नवनिर्मित धर्मशाला का शुभारंभ सत्यनारायण कथा एवं भगवान शिव के अभिषेक के साथ किया गया। नगर के भोपाल रोड पर स्थित नवनिर्मित धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य पं गोपाल शर्मा एवं उनके साथियों ने रूद्राभिषेक करवाया। इसके बाद हवन और महाआरती की गई। अग्रवाल धर्मशाला के निर्माण में सहयोगी बने मुरारी अग्रवाल का समाज के वरिष्ठ शैलेन्द्र अग्रवाल, राजेश अग्रवाल एवं समाज के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल द्वारा सम्मान किया गया। 130 अग्रवाल परिवारों के सहयोग से 3000 वर्गफिट में अग्रवाल समाज का भवन व 3000 वर्गफिट में खुला कवर्ड कैंपस में धर्मशाला का निर्माण संभव हो सका। उक्त धर्मशाला के निर्माण में अग्रवाल समाज सेवा समिति, महिला मंडल के साथ अग्रवाल नवयुवक मंडल के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया की तहसील के आसपास लगभग 100 गांव है जिसमें कुछ गांव में भी हमारे समाज के 70 से 80 घर हैं अब धर्मशाला का निर्माण होने से इनकों भी कुछ मदद मिलेगी। इस मौके पर उपस्थित उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, सचिन सुशील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकुल अग्रवाल, संयुक्त सचिव लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सदस्य वीरेंद्र अग्रवाल, आनंद अग्रवाल एवं समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# हड़ताल से न खाद मिल रहा न राशन




**भेरूंदा/नसरूलागंज, देशबन्धु।** सहकारी समिति के कर्मचारियों और राशन दुकान संचालक भी हड़ताल कर रहे है। इससे किसान खाद लिए और गरीब राशन के लिए परेशान हो रहे है। सहकारी कर्मचारियों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं देती है, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। इससे लगता है कि कर्मचारी इस बार आर–पार की लड़ाई के मूड में है। कर्मचारियों की हड़ताल लंबी चलती है तो इसका खामियाजा किसानों और आमजनता को परेशान होकर चुकाना पड़ सकता है। मध्य प्रदेश सहकारिता कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र पवार का कहना है कि इस अनिश्चितकालीन हड़ताल से सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को खाद के लिए एवं उपभोक्ताओं को राशन के लिए खासतौर से मजदूरों को बेहद परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है।

# समस्याओं को लेकर आप ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी की लीगल विंग में एडवोकेट अरविंद राणा के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम विजय राय को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि कई वर्ष पूर्व प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को वन विभाग की भूमि में कृषि कार्य करने हेतु पट्टे दिए गए थे तभी से मुक्त भूमि पर काबिज होकर कृषि कर रहे हैं लेकिन इन पट्टेधारियों का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है जिसके कारण इन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पट्टाधारी राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करने के लिए लंबे समय से तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।



ज्ञापन में वर्ष 2019 में कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों की कर्ज माफी की गई थी उसे समय बैंकों को ऋण माफी की राशि शासन द्वारा भेजी गई थी ,लेकिन कई किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पाया। शान द्वारा भेजी गई राशि की निष्पक्ष जांच कराई जाए। मठ मंदिरों के पुजारी को प्रतिमाह वेतन देने और उन्हें कृषि भूमि का पट्टा प्रदान किए जाने की मांग भी की गई है। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट अरविंद राणा जिला अध्यक्ष अजीत कुमार ,उपाध्यक्ष राम कुशवाहा ,देवेंद्र दांगी ,ठाकुर सिंह रघुवंशी ,एडवोकेट सुरेंद्र सिंह सेन ,संजीव अहिरवार चंद्रभान सिंह कुर्मी दीपक कुशवाहा, सहित बड़ी संख्या में लीगल विंग से जुड़े कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हार्डवेयर व्यापारी की स्कूटी रोककर तमंचे की नोक पर 70 हजारकी लूट

**मुरैना, देशबन्धु।** नूराबाद थाना क्षेत्र के टेकरी और क्यूब स्टॉप सेंटर के बीच सोमवार की शाम स्कूटी से बानमोर जा रहे एक हार्डवेयर व्यापारी को तमंचे की नोक पर बाइक सवार दो बदमाशों ने लूट लिया और धमकी देकर भाग निकले, पुलिस ने रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हार्डवेयर की दुकान करने वाले विक्की जैन पुत्र सुरेशचन्द जैन उम्र 30 साल निवासी जैन मंदिर के सामने बामौर शाम 4:30 बजे के आसपास मुरैना गणेशपुरा माता मंदिर दर्शन के लिये बामौर से अपनी स्कूटी नम्बर एमपी 07 एसपी 3668 से निकला था। फरियादी विक्की जैन ने बताया कि मुरैना पहुंचकर सुनार विक्रम वर्मा के यहां से गिरवी रखी सोने की चेन रस्सादार, जो करीब 08 साल पहले बनवायी थी, उसे उठाकर गणेशपुरा मंदिर दर्शन के लिये गया। करीबन शाम 7-30 बजे गणेशपुरा से बामौर के लिये निकला, जैसे ही में टेकरी से आगे निकलकर क्यूब स्टाप से पहले पहुंचा, तभी मेरे पीछे दो लडके एक काले रंग की स्पेलन्डर मोटर साईकिल बिना नम्बर पर आये, दोनों ने अपने मुह कपड़ों से ढक रखे थे। मेरे बगल में मोटर साईकिल लगाकर मुझे रूकने को कहा, जैसे ही मैने स्कूटी रोकी तो दोनो अपनी मोटर साईकिल को खड़ाकर मेरे नजदीक आ गये और दोनों मुझसे पूछताछ करने लगे और पूछने लगे कहां से आया है, मैनें कहा कि मुरैना से आया हूं, उसमें से एक लडके ने कमर से तमंचा निकालकर मेरे पेट पर अड़ा दिया और दोनों बोले क्या है तुम्हारे पास, सबकुछ निकालकर हमें दे दो, भयभीत विक्की जैन ने जेब में रखे 28000 रूपये नगदी एवं गले में पहनी हुयी सोने की चेन उतारकर उन दोनों अज्ञात लडकों को दे दी। इसके बाद बदमाशों ने उसे जाने को कहा जैसे युवा नूराबाद के पास पहुंचा और एक होटल पर रुका तो वहां से आरोपी गुजरे तथा धमकाकर निकल गए। इसके बाद फरियादी नूराबाद थाने पहुंचा और पुलिस को घटनाक्रम बताया। नूराबाद थाना पुलिस ने रिपोर्ट पर से लूट का मामला दर्ज किया है गौरतलब बात यह है कि मुख्य हाइवे पर पुलिस का गस्त रहता है, इसके बावजूद लूट की वारदात हो जाती है, यह पुलिस के लिए चुनौती है।

### एसपी को दिया ज्ञापन

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के जौरा थाना अंतर्गत पगारा रोड पर शनिवार की शाम कुछ बदमाशों ने टेरर टैक्स नहीं देने पर एक सरिया व्यापारी को धमकाया और विरोध करने पर कट्टो से हवाई फायर किए। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया। इस घटना से पूर्व भी बदमाश टेरर टैक्स को लेकर पूर्व में भी फरियादी को धमकी देकर फायरिंग कर चुके हैं। पीड़ित व्यापारियों ने मंगलवार को मुरैना पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर बदमाशों पर कार्रवाई की मांग की।

# 2 कार और बाईक से लाखों का गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

▶ अवैध गांजा तस्करी के विरुद्ध 3 थानों की पुलिस ने की कार्रवाई

**मुरैना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत सिटी कोतवाली, सिविल लाइन थाना एवं सराय छोला थाना पुलिस ने दो कार एवं एक बाइक से लाखों रुपए का गांजा जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं मैट्रिक पुलिस अधीक्षक अरविंद ठाकुर के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता के नेतृत्व में कोतवाली थाना प्रभारी सुनील खेमरिया को मुखबिर से बीती रात सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक सफेद रंग की टोयोटा इटियोस कार रजि. न. डीएल 10 –सीई–1973 में अवैध मादक पदार्थ एंव गांजा लेकर ग्वालियर तरफ से अम्बाह बाईपास से धौलपुर तरफ जा रहा है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आदर्श स्कूल के आगे



बिजली घर के पास नाला न. 2. गणेशपुरा रोड पर नाकावन्दी की, तभी पुलिस टीम को उक्त कार आती दिखाई दी और उसे रोक कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने गाड़ी के अंदर से 157.360 किलोग्राम गांजा बरामद किया पुलिस ने गाड़ी से दो आरोपियों भानुप्रताप उर्फ भोला ठाकुर (पुण्डीर) पुत्र अतर सिंह ठाकुर उम्र 27 साल नि. ग्राम हुण्डेश्वरी सिकन्दरा राऊ थाना जिला हाथरस (उ.प्र) तथा अर्जुन चौहान पुत्र ओमवीर सिंह चौहान उम्र 25 साल नि. दत्तपुर इण्डेश्वरी थाना सिकन्दराराऊ जिला हाथरस (उ.प्र.) को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस द्वारा बरामद गांजा एवं गाड़ी की कीमत 23 लख रुपए बताई है। पुलिस द्वारा आरोपियों से गांजे के बारे में पूछताछ की जा रही है।

इधर सिविल लाइन थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह को रविवार की रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक काले रंग की हीरो स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति पीले रंग की शर्ट पहने हुए सूवालाल पुरा नहर की पुलिया पर अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने खडा हुआ है। उक्त सूचना पर पुलिस ने आरोप हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल चालक के कब्जे से कुल 1288 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती 13000 रूपये बरामद किया है और उससे पूछताछ की जा रही है। एक अन्य जानकारी के अनुसार सायबर सेल प्रभारी अभिषेक जादौन को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की ग्वालियर तरफ से आ रही एक सिलेटी रंग की हौंडा सिटी कार में अधिक मात्रा में मादक पदार्थ गांजा भरा है। इस सूचना से थाना प्रभारी सराय छोला निरीक्षक दर्शनलाल शुक्ला को अवगत कराया। उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी सराय छोला द्वारा त्वरित कार्यवाही कर थाने के सामने बेरिकेट लगाकर चेक पॉइंट लगाया गया। थाना सराय छोला पुलिस द्वारा ग्वालियर तरफ से सिलेटी रंग की हौंडा सिटी कार को आता देख बेरिकेट लगाकर पुलिस फार्स द्वारा उसे रोका गया, जिसमें 2 लोग बैठे हुए दिखाई दिए। पुलिस द्वारा गाडी पर काबू पाकर दोनों से पूछताछ कर जब गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें बैक सीट के पीछे एक गुप्त चैम्बर दिखाई दिया, उस चैम्बर को खोलने पर पुलिस को अधिक मात्रा में मादक पदार्थ गांजा मिला, जिसका वजन लगभग 58.360 किलोग्राम कीमती लगभग 4 लाख 58 हज़ार रूपये मय हौंडा सिटी कार कीमती लगभग 8 लाख रूपये बताया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### मेजर ध्यान चंद के जन्मदिन पर मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस, हुई प्रतियोगिताएं

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के एक्सीलेंस स्कूल मैदान पर मंगलवार मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। जिसमें 200 से ज्यादा खिलाड़ियों ने रग्बी, बेसबॉल, सॉफ्ट बाल, खो खो प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एलएनसीटी द्वारा शिक्षा के साथ खेलो में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। खेल अधिकारी पंकज जैन, चेयरमैन अनुपम चौकसे एवं युवा समाजसेवी लोकेश गिदकर द्वारा शिक्षा के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, संस्था एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मंगलवार हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें बेस्ट पिचर का अवार्ड यस कलसुले, बेस्ट कैचर वैभव बोड़खे, बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दक्ष चंदेल को दिया गया। टूर्नामेंट में मुख्य रूप से खेल शिक्षक जितेश पवार, अमित कुमार, अश्विनी विश्वकर्मा, कल्याणी नरवरे, लक्ष्मी, मोहित पटेल आदि उपस्थित रहे।

### स्कूल में मनाया रक्षाबंधन पर्व

**सारनी, देशबन्धु।** रक्षाबंधन के एक दिन पहले पीएलएस इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों ने एक दूसरे को रक्षा सूत्र एवं राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। स्कूल संचालक लोकेश सोनी ने बताया कि विद्यार्थियों के माध्यम से स्वयं ही रखी मिठाई और पूजा की सामग्री लाकर स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों ने एक दूसरे को राखी बांधी। इसके अलावा रक्षा सूत्र बांधकर भी मित्र और बहनों ने अपनी भाई की सुरक्षा का संकल्प दोहराया। इसके अलावा स्कूल की कक्षानों के माध्यम से स्वच्छता मिशन, पानी को अनावश्यक बर्बाद न करने और बिजली का दुरुपयोग न किए जाने और इन्हें बचाने का संकल्प भी विद्यार्थियों को दिलाया। साथ ही विद्यार्थियों ने रक्षा सूत्र बांधकर बेहतर पढ़ाई और स्कूल प्रांगण में साफ सुथरा माहौल बनाए रखने का एक दूसरे को वचन दिया।

### कांग्रेस विधि एवं मानवाधिकार विभाग के जिलाध्यक्ष बने मालवीय

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष शशांक शेखर द्वारा अंशुल मालवीय को मध्य प्रदेश कांग्रेस विधि एवं मानवाधिकार विभाग में जिलाध्यक्ष, जिला बैतूल शहर के पद पर नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अंशुल मालवीय को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। अंशुल मालवीय को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं मुलताई विधायक सुखदेव पांसे, निलय डागा, धरमूसिंह सिरसाम, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शहर सुनील शर्मा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, समीर खान, नवनीत मालवी, अनुराग मिश्रा, अरुण गोठी, तिरुपति एरूल, हेमंत पगारिया, राजेश गावंडे, सलमान खान, हितेश निरापूरे, विक्की मालवीय, मोहित सोलंकी, मिक्की यादव, मंटू वर्मा, डॉ.गणेश देशमुख, सलमान खान, विपिन आर्य, अविनाश धुर्वे, उमेश कहार अधि.रवि धोटे, अधि. समीर कुरेशी, अधि.परवेश कावरे, अधि. बंशी बिसोने ने बधाई दी है।

### इनामी दंगल कल

**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय बजरंग व्यायाम शाला समिति सदर के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार गुरूवार को 141वां भव्य इनामी दंगल बैल बाजार सदर में दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है। गुरू शंकर पहलवान और खलीफा ताराचंद अमझरे ने बताया कि दंगल में प्रथम पुरस्कार 7 हजार रूपए, द्वितीय 5 हजार, तृतीय 3 हजार रूपए के साथ सभी कुश्तीयों पर नगद और सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। समिति के सदस्य उदय अमझरे ने बताया समिति का उद्देश्य है कि युवा हमारे परांपारिक खेल को पहचाने। अमझरे ने बताया कि दंगल में प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से भी पहलवान हिस्सा लेंगे। समिति के अध्यक्ष मूलचंद यादव, शिवशंकर यादव, संरक्षक कैलाश यादव, उपाध्यक्ष सतीष महाते, सचिव विनय डोंगरे, सहसचिव दीपक पाल, रामनारायण शुक्ला, कोषाध्यक्ष आशीष पंवार, बंशी यादव प्रचार मंत्री गोवर्धन यादव, बबन नानकर ने सभी से उपस्थित होकर दंगल का आनंद लेने की अपील की है।

नगरपालिका परिषद की बैठक में जमकर हुआ हंगामा

# बाजार ठेका होगा निरस्त, सीवर लाइन ठेकेदार को भुगतान की होगी जांच



**मुलताई,देशबन्धु।** नगर पालिका में मंगलवार रक्षाबंधन के एक दिन पहले परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक पर ही सवाल उठाते हुए सभापति अंजलि शिवहरे ने कहा कि इससे रक्षाबंधन पर महिला जनप्रतिनिधि भाईयों के घर नहीं जा पाई। बैठक में चर्चा के लिए 22 प्रस्ताव रखे गए थे जिसमें से ज्यादातर को निरस्त कर दिया गया, जबकि कुछ को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया। सीवर लाइन ठेकेदार को हुए भुगतान, एलईडी खरीदी और मरम्मत सहित कर्मचारियों को रखे जाने पर जमकर हंगामा हुआ।

**बाजार ठेका निरस्त कर, वार्षिक दर की गई तय:** बैठक में प्रस्ताव लिया गया है कि मप्र शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के पत्र अनुसार हाथ ठेला, फेरी वाले, रेहड़ी वाले से तहबाजारी, बाजार बैठकी शुल्क बंद किया जाकर एक मुश्त 10 फुट की दुकान वालों से 3000 रुपए तो 5 फुट की दुकान के 1500 रुपए वार्षिक लिए जाएंगे।

**सीवर लाइन ठेकेदार को हुए भुगतान की हो जांच:** सीवर लाइन के ठेकेदार को 1 करोड़ 27 लाख रुपए का भुगतान करने के मामले में भाजपा पार्षद वर्षा गढ़ेकर ने परिषद में सवाल उठाया कि ठेकेदार से ऐसा कौन सा लाभ मिलना था, जिसके लिए उसे ताबड़तोड़ इतनी बड़ी राशि का भुगतान कर दिया गया, जबकि मैंने इसका भुगतान नहीं किया था। उन्होंने कहा कि ठेकेदार के भुगतान के लिए शासन को पत्र तक लिख दिए गए, जबकि अधिकारियों ने कर्मचारियों के वेतन के लिए कभी पत्र नहीं लिखा। हालांकि करीब 7 करोड़ की सीवर लाइन योजना में अभी तक शासन से कुल 3 करोड़ 75 लाख रुपए परिषद को प्राप्त हुए है, जिसमें से कुल 2 करोड़ 54 लाख रुपए का भुगतान ठेकेदार को किया गया है, जिसमें से 1 करोड़ 27 लाख का भुगतान परिषद की संचित निधि में से किया गया। अधिकांश पैसा कोरोना काल में खरीदी करने में खर्च कर दिया गया। जबकि अभी तक सड़क मरम्मत सहित सीवर लाइन का 35 प्रतिशत काम बाकी है। जिसकी जांच की मांग की गई।

**बारिश के पानी निकासी के लिए नालों का होगा पुनर्निर्माण:** एसडीएफएम योजना में निकाय क्षेत्र अंतर्गत बारिश के पानी निकासी के लिए परिषद द्वारा विभिन्न नालों का पुनर्निर्माण कराया जाने के लिए 10 करोड़ 52 लाख रुपए की डीपीआर बनाई गई थी, जिसमें कुछ नालों को शामिल नहीं किया गया था। वर्षा गढ़ेकर और शिल्पा शर्मा ने अपने वार्डों के नालों को भी इसमें शामिल कर नई डीपीआर बनाने की मांग रखी।

**भक्त निवास और शॉपिंग कांप्लेक्स निर्माण स्थान परिवर्तन पर नहीं बनी सहमति:** पहले टेकड़े वाले स्कूल परिसर में शॉपिंग कांप्लेक्स और कन्या प्राथमिक शाला परिसर में भक्त निवास बनाया जाना था। जिसका स्थान परिवर्तन करते हुए टेकड़े वाले स्कूल परिसर में भक्त निवास और कन्या प्राथमिक शाला परिसर में शॉपिंग कंपलेक्स निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर सहमति नहीं बन पाई और वर्षा गढ़ेकर द्वारा इसे पहले निरस्त कर दिया गया। बाद में अगली बैठक के लिए रखा गया। सभापति अंजलि शिवहरे ने कहा की ताप्ती के दर्शन करने आने वाले भक्तो के लिए बनाई जाने वाले भक्त निवास पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, स्थान परिवर्तन करने से बेहतर भक्त निवास बनाया जा सकेगा। साथ ही शापिंग कांपलेक्स भी मुख्य बाजार के पास होगा जिससे दुकानदारों को फायदा होगा।

# रक्षाबंधन: बाजारों में रौनक, राखी की दुकानों पर रही अधिक भीड़





**सारनी, देशबन्धु।** रक्षाबंधन के चलते बाजारों में रौनक है। सारनी का बाजार हो चाहे पाथाखेड़ा, शोभापुर या फिर बगडोना का बाजार यहां पर पर्व के एक दिन पहले अधिक भीड़ रही। राखी विक्रेताओं का कहना है कि राखी के मूल्य में 30 से 35 प्रतिशत की वृद्धि होने की वजह से रक्षाबंधन पर खरीदी थोड़ी फीकी होते दिखाई दे रही है। व्यापारियों की माने तो फैंसी डिज़ाइन की जो राखियां है उनकी कीमत में 35 से 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि जितनी राखियां बाजार में पहुंची है उसके हिसाब से रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व बाजारों में थोड़ी रौनक दिखाई दे रही है। राखी एवं श्रृंगार सामग्री विक्रेता कविता गुप्ता का कहना है की महंगाई के कारण बाजार में लोग कम खरीदी कर रहे है। नपा क्षेत्र जिन-जिन स्थानों पर रक्षाबंधन पर बाजार संचालित हो रहे हैं उन सभी बाजारों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए सारनी एसडीपी रोशन कुमार जैन द्वारा सारनी थाना प्रभारी को पॉइंट दिए है।

# स्टेशन रोड पर बाईकों में टक्कर, 2 युवक घायल



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के स्टेशन रोड पर मंगलवार सुबह दो बाईकों की आपस में भिंडत हो गई, जिसमें दो युवक घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर के स्टेशन रोड पर मंगलवार की सुबह स्टेशन की ओर से आ रहे एक युवक की बाइक फव्वारा चौक साइड से आ रहे हैं अन्य युवक की बाइक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि दोनों ही बाइक तेज गति से आ रही थी,गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। दोनों युवकों को चोट आई जिन्हे अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि नगर में नाबालिग बच्चों द्वारा तेज गति से वाहन चलाए जाते हैं जिसके कारण आए दिन सड़क हादसे सामने आ रहे हैं नाबालिग बच्चों के माता-पिता को विशेष ध्यान देना चाहिए कि वह अपने बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें। वही स्कूल और कोचिंग जाने वाले नाबालिग भी तेज गति से वाहन चलाते हुए नजर आते हैं।

# सतना की घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जलाया पुतला

**आठनेर, देशबन्धु।** नगर क्षेत्र में मंगलवार को बस स्टैंड चौराहे पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला जलाया है। पुलिस प्रशासन को पुतला जलाने की सुचना प्राप्त होने पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी यहां पहुंच गए। सतना जिले में नाबालिग से गैंगरेप की घटना के विरोध में कांग्रेस ने सरकार की लचर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। नप के फायर ब्रिगेड ने प्रदर्शनकारियों पर पर पानी की बौछार की और यहां से हटा दिया। इस दौरान थाना प्रभारी राजन उईके भी मौके पर मौजूद रहे। प्रदर्शन में युवक कांग्रेस के प्रमुख मिथलेश राजपूत, हर्षवर्धन धोटे, राकेश घंघारे, तरुण मानकर, अमित जायसवाल, डॉ ज्ञानदेव माथनकर, जितू साहू, अल्ताफ पठान, धर्मेंद्र खाकरे, नासिर हुसैन, निशार कुरैशी, देवा डाक्टर प्रमोद खांडवे, प्रदीप प्रजापति, रवि अडलक, ओम अवस्थी, योगेश लहरपुरे सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



# पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, कामकाज ठप

**आठनेर, देशबन्धु।** लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से नाराज़ तहसील क्षेत्र के समस्त पटवारियों ने सोमवार को तहसील कार्यालय में बस्ते जमा कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कार्यलय में सोमवार से कामकाज ठप्प पड़ रहा है। आठनेर तहसील क्षेत्र के सभी पटवारी संघ ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

पटवारियों की मांग है कि पिछले 25 वर्षों से लंबित 2800 ग्रेड पे और समयमान वेतनमान की मांग की जा रही है। इसके बावजूद उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर सीधा राजस्व विभाग से जूडे खेती किसानी एवं अन्य कार्यों पर पड रहा है। पटवारियों ने कहा है कि लंबित मांगों का निराकरण नहीं करेंगे तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

# सज धज कर पालकी में निकले बाबा सिद्धेश्वर नाथ

**भैंसदेही, देशबन्धु।** पूण्य सलिला मां पूर्णा की नगरी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर युवा शिव समिति प्राचीन शिव मंदिर संस्थान द्वारा बाबा सिद्धेश्वर नाथ की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। शिव मंदिर पर बाबा सिद्धेश्वर नाथ की प्रतिमा का सुंदर श्रृंगार कर महाआरती की गई तत्पश्चात ढोल धमाके सुमधुर बाबा भोलेनाथ के गीतों से डीजे के आनंद के साथ पालकी यात्रा का प्रारंभ हुआ। समस्त युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और शिव भक्त बाबा की पालकी के साथ जयकारे लगाते चल रहे थे। पालकी यात्रा का घर-घर स्वागत कर बाबा सिद्धेश्वर नाथ का पूजन किया गया। पालकी शिव मंदिर पहुंची जहां महा आरती कर महाप्रसाद के साथ पार्थिव शिवलिंग का विधिवत विसर्जन किया गया।



# जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**सारनी, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय अंतर्विभागीय उन्मुखीकरण कार्यशाला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आईपीपी-6 के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.अरविन्द कुमार भट्ट ने बताया कि कृमि मनुष्य की आंत में रहते है और पोषण तत्वों के अवशोषण में बाधा डालते हैं,जिसके कारण एनीमिया कुपोषण, मानसिक विकास में अवरोध,बच्चों का थके-थके रहना,बीमार रहना और बच्चों का पढाई में मन न लगना इत्यादि प्रभाव होते हैं।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भट्ट ने बताया कि भोजन करने से पहले हाथ न धोना, दूषित भोजन करना, खुले में बनने वाला भोजन या दूषित भोजन, नंगे पाव चलने,साफ पानी न पीना,खुले में शौच जाने से बच्चों में कृमि संक्रमण होता है।उन्होंने बताया कि स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी सत्र आयोजित कर कृमि से बचाव हेतु जानकारी दी जाएगी। डीपीएम डॉ विनोद शाक्य ने बताया कि शासकीय अशासकीय अनुदान प्राप्त शालाएं, आदिवासी आश्रम शालाओं, प्रायवेट,प्रायवेट अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रशासित शालाओं, स्थानीय निकाय की शालाओं इत्यादि संस्थानों में एक से 19 वर्ष के बच्चों का कृमिनाशन किया जाएगा। संभागीय समन्वयक एएमबी प्रोग्राम दिनेश पांडेय ने बताया 12 सितम्बर को कुल एक से 19 वर्ष तक के 556474 बच्चों को कृमिनाशक गोली खिलाई जाएगी एवं छूटे हुये बच्चों को मापअप दिवस में 15 सितम्बर को कृमिनाशक गोली खिलाई जाएगी।कृमिनाशक गोली आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा एवं स्कूलों में शिक्षक द्वारा खिलाई जाएगी। कृमि संक्रमण रोकने से कृमि मुक्ति के साथ स्कूलों में अनुपस्थिति 25 प्रतिशत कम हो जाती है।

# आजादी का अमृत महोत्सव: सांईराम लॉन में हुआ कवि सम्मेलन



**मुलताई, देशबन्धु।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य प्रदेश के तत्वाधान में बीती रात नगर के अमरावती रोड स्थित सांई राम लॉन में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य प्रदेश के तहसील संयोजक मनीष माथनकर, विशेष सहयोगी गणेश साहू एवं डीके कालभोर ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव एवं रक्षाबंधन के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा गया, जिसमे सैकड़ों की संख्या में काव्य प्रेमी श्रोताओं ने सम्मेलन का लुत्फ उठाया और देर रात तक कवियों को सुनते रहे। कवि सम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध कवि लखनऊ से आशीष अचल, सुनील समैया, राजेंद्र मालवीय, संजय खत्री, अपूर्वा चतुर्वेदी, जगदीश सेन एवं दीपक साहू ने अपनी कविता का पाठ किया। ओज, वीर, हास्य और श्रृंगार रस के कवियों ने महफिल लूटी जिनकी कविताओं पर श्रोताओं खूब आनंद लिया। कवि सम्मेलन में मुख्य रूप से पूर्व विधायक चंद्रशेखर देशमुख, उत्तम गायकवाड़, पूर्व नपा अध्यक्ष डा जिए बारस्कर, वर्षा गढ़ेकर, भास्कर मगरदे, नितेश काले, गगन साहु, सुधा परमार, सैफाली पालीवाल, सोनम पहाड़े, सुभाष देशमुख, जीजी घोड़े, सौरभ दुबे, राहुल साहु, अभिषेक खंडेलवाल आदि शामिल हुए। नगर में कवि सम्मेलन के आयोजन का लंबे समय से इंतजार हो रहा था।

*कलार समाज की बैठक में लिया निर्णय*

# सहस्त्रबाहु की 10 फिट गनमेटल की प्रतिमा होगी स्थापित



**बैतूल, देशबन्धु।** कलार समाज की बृहद बैठक समाज के मंगल भवन टिकरी बैतूल में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहु का पूजन कर किया गया। बैठक जुगल किशोर मालवीय, केके मालवीय, नेमीचंद मालवीय, पंकज राय , अशीष मालवीय, संतोष मालवीय, डॉ.दीपक जायसवाल ,भवानी मालवीय के आतिथ्य में और अध्यक्ष तपन मालवीय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गन मेटल की भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा स्थापित किया जाएगी। जिसकी ऊंचाई 10 फीट एवं गुणवत्ता बहुत अच्छी हो। साथ ही मूर्ति स्थापना के लिए जिले के सामाजिक बंधुओ से आर्थिक सहयोग राशि लेने का निर्णय किया गया। प्रतिमा के लिए तपन मालवीय द्वारा 51000 की राशि एवं नंदकिशोर मेसरे (नंदू मामा) के द्वारा 31000 रुपए देने की घोषणा की गई। दिवंगत हुए स्वजातीय बधुंओ की स्मृति में समाज के मंगल भवन में उनके छायाचित्र लगाने हेतु कार्यकारी जिला अध्यक्ष केके मालवीय द्वारा उनके पिताजी स्वर्गीय सीताराम मालवीय की स्मृति में 11000 रुपए एवं प्रवीण (पम्मा) बिहारे के द्वारा उनके ससुर स्व.मनमोहन मालवीय की स्मृति में 11000 रूपए एवं तपन मालवीय के द्वारा उनकी सास स्वर्गीय श्रीमती उषा मनमोहन मालवीय की स्मृति में 11000 रूपए की राशि प्रदान की गई। अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में मूर्ति स्थापना के लिए तन मन धन से सहयोग करने की अपील की। प्रति माह सामाजिक बैठक करने का निर्णय लिया गया। सभी ने नई कार्यकारिणी की प्रशंसा करते हुए जिला स्तर पर उपयुक्त राशि का संग्रहण करने की बात कही। साथ ही महिलाओं की नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से देवेंद्र कुमार राय को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। आगामी सितंबर की बैठक जुगल किशोर मालवीय के यहां रखी जाने का निर्णय हुआ। बैठक का संचालन सचिव मनोज मालवीय ने एवं आभार भवानी मालवीय ने व्यक्त किया

## सार समाचार

### फिट इंडिया कार्यक्रम में दिलाई विद्यार्थियों को शपथ



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता सहित महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने कहा कि एक सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली व्यक्ति के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति को अपनी फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए हर दिन पैदल चलना आवश्यक होता है। व्यक्ति को अपना काम स्वयं करना चाहिए, जिससे व्यक्ति स्वस्थ रहने के साथ फिट भी रहता है। आप अपने परिवार और दोस्तों को स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करें। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार अहिरवार, श्रीमती मीरा यादव, डॉ मनीष कुमार चौरे, डॉ दिनेश कुमार, आशुतोष कुमार मालवीय, डॉ संजीव कैथवास, श्रीमती श्रुति अग्रवाल, डॉ विनोद कृष्णा आदि प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक 31 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त जिला नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक का आयोजन 31 अगस्त को सायं 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए सर्वसंबंधितों को आदेशित किया है कि वे अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### महिला से छेड़छाड करने व जान से मारने की धमकी देने पर आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि अभियोजन कहानी इस प्रकार है कि अभियोक्त्री अपने भाई के घर रहकर सिलाई सीखने जाती थी। तब आरोपी उसका पीछा किया करता था। जिस बात की उसने थाने में शिकायत की थी। घटना 30 नवंबर 2020 को लगभग शाम 04 बजे महिला फरियादी घर पर थी। उसी समय आरोपी राजा अहिरवार उसके घर के सामने आया और महिला फरियादी को गंदी-गंदी गालियॉ देने लगा। तब महिला फरियादी ने घर से बाहर निकल कर आरोपी राजा अहिरवार को गाली देने से मना किया तो आरोपी ने महिला फरियादी का बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया और कहने लगा कि मैं तुझे चाहता हूँ और मैं तुझे अपने साथ लेकर जाऊगा। तब फरियादीया ने चिल्लाई तो उसकी मां एवं भाई आ गया था उन्हे आता देख आरोपी वहॉ से भागने लगा और जाते-जाते आरोपी ने फरियादीया से कहा कि यदि यह बात किसी को बताई तो तुझे जान से मार दूंगा। उसके बाद महिला फरियादी अपनी मॉ एवं भाई के साथ जाकर घटना की रिपोर्ट थाना सोहागपुर में लेख करायी थी। थाना सोहागपुर द्वारा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था।

पुलिस ने चलाया धरपकड़ अभियान

# जिले के 119 वारंटी धराए

**इटारसी, देशबन्धु।** नर्मदापुरम पुलिस एक्शन मोड में है। 28/29 अगस्त की दरम्यानी रात एक मुहिम चलाकर जिलेभर के थानों के फरार, स्थायी व गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ की गई और 119 वारंटियों को गिरफ्तार किया। एसपी स्वयं भी रात में औचक निरीक्षण कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र के मार्गदर्शन में 28-29 अगस्त 2023 की रात्रि में जिले के समस्त अनुभागों में पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों के नेतृत्व में शहरी एवं ग्रामीण थाना क्षेत्रों में फरारी स्थायी व गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु सघन तलाशी अभियान चलाया एवं पुलिस द्वारा काम्बिंग गश्त की गयी।

इस दौरान नर्मदापुरम अनुभाग में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पराग सैनी के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस ने 09 वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। थाना देहात पुलिस ने, सोहागपुर अनुभाग में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मदन मोहन समर के नेतृत्व में थाना माखननगर पुलिस ने 15, थाना सोहागपुर पुलिस ने 11, पिपरिया अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कल्याणी वरकड़े के नेतृत्व में थाना पिपरिया पुलिस ने 07, थाना स्टेशन रोड पिपरिया पुलिस ने 5 वारंटी गिरफ्तार किये। थाना बनखेड़ी पुलिस ने 3 वारंटी, इटारसी अनुभाग में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में इटारसी पुलिस ने 22 वारंटी, थाना केसला पुलिस ने 9, थाना रामपुर गुर्रा पुलिस ने 4, तवानगर पुलिस ने 1, पथरौटा पुलिस ने 9, सिवनी मालवा अनुभाग में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा चतुर्वेदी के नेतृत्व में सिवनी मालवा पुलिस ने 5 वारंटी, डोलरिया पुलिस ने 4, शिवपुर पुलिस ने 4 वारंटी सहित तलाश अभियान अंतर्गत जिले में कुल 119 वारंटियों को गिरफ्तार किया।

काम्बिंग गश्त के दौरान नर्मदापुरम पुलिस ने 1 फरार आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की व अवैध शराब के 26 प्रकरण बनाये गये। एनडीपीएस एक्ट का 01 प्रकरण, अवैध शस्त्र के 8 प्रकरण बनाये, 204 गुंडा व 83 हिस्ट्रीशीटर व 74 संदिग्धों को चेक कर 01 प्रकरण जिला बदर का तैयार किया गया।

## रात में अचानक थानों में निरीक्षण करने पहुंचे एसपी



**इटारसी, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ. गुरकरन सिंह ने 29 अगस्त 2023 की मध्य रात्रि में थाना कोतवाली, इटारसी, डोलरिया एवं सिवनी मालवा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थानों में ड्यूटी पर तैनात नाइट अधिकारी/कर्मचारियों को चैक किया। हवालात चैक की गयी तथा थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। डायल 100 वाहन को चैक किया। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों से थानों में लंबित अपराध चालान की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की। लंबित गंभीर अपराधों के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये एवं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान के संबंध में चर्चा की गयी। पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली, इटारसी, डोलरिया के साथ ही थाना सिवनी मालवा क्षेत्र में भ्रमण करते हुये रात्रि गश्त में लगे हुये अधिकारियों/ कर्मचारियों को चैक किया एवं प्रतिदिन क्षेत्र में प्रभावी रात्रि गश्त हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# जनसुनवाई में आए 84 आवेदन, जनसमस्याओं का हुआ निराकरण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने आमजनों द्वारा दिए गए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। जनसुनवाई में कुल 84 आवेदन आएं। जनसुनवाई में पिपरिया के ग्राम नयागांव निवासी संतोष तिवारी ने कलेक्टर को बताया कि उनकी बेटी गंभीर बीमारी से ग्रस्त है, जिसका इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। वे आर्थिक रूप से भी बहुत कमजोर है। जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने मौके पर आवेदक महिला को रेड क्रॉस मद से 5000 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की। राशि का चेक भी संतोष तिवारी को दिया गया। माखननगर निवासी लक्ष्मण लोबे ने बताया कि मकान में आग लग जाने के कारण हुई हानि का उन्हें आज तक मुआवजा नहीं मिला है। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार माखननगर को जांच के निर्देश दिए। तहसीलदार माखन नगर ने बताया कि आवेदक को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता आरबीसी 6 (4) के तहत स्वीकृत की गई है। आवंटन उपरांत तत्काल आवेदक को राशि अंतरित की जाएगी। इसी प्रकार कलेक्टर ने अन्य आवेदनों का भी समाधान किया जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह,एसडीएम आशीष कुमार पांडे, संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### जेल में बंदियो को रक्षाबंधन पर्व पर मिलेगा खुली मुलाकात का मौका

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।।** केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खंड अ एवं ब में परिरुद्ध बंदियों को राखी बांधने के लिए खुली मुलाकात का अवसर प्रात-9 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक दिया जाएगा। जेल अधीक्षक नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि इस दौरान राखी, फल लेकर आ सकते हैं इसके अतिरिक्त अन्य कोई प्रतिबंधित सामग्री जेल में लेकर आना निषेध रहेगा।

आबकारी विभाग ने की ग्राम डांडीवाड़ा में कार्रवाई

# बैतूल से लाकर केसला ब्लॉक में बेचने रखी अवैध शराब जब्त



**इटारसी, देशबन्धु।** आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम डांडीवाड़ा में अवैध शराब माफिया के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही कर बैतूल जिले के प्रदाय क्षेत्र की शराब की 5 पेटी देशी एवं 1 पेटी अंग्रेजी शराब सहित कुल 6 पेटियां जब्त कर आरोपी लोकेश पांडेय पिता श्रीनारायण पांडेय के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 21530 रुपए है।

नर्मदापुरम कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विक्रय निर्माण परिवहन संग्रहण के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत वृत औद्योगिक क्षेत्र इटारसी में आबकारी दल द्वारा ग्राम डांडीवाड़ा में एक रहवासी मकान की तलाशी में 5 पेटी देशी शराब प्लेन एवं 1 पेटी विदेशी शराब व्हिस्की (गोवा ब्रांड) कुल 6 पेटियां जब्त कर (कुल मात्रा 54 लीटर होने पर) मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34.2 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह शराब बैतूल जिला से लाकर अवैध रूप से विक्रय करने के उद्देश्य से संग्रहित की गई थी। आरोपी लोकेश पांडेय पिता श्रीनारायण पांडेय उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम डांडीवाड़ा थाना केसला जिला नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया। आरोपी को रात्रि अभिरक्षा में रखने के आज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक राजेश साहू, आबकारी आरक्षक राजेश गौर एवं दुर्गेश पठारिया का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी दल द्वारा सटीक सूचनाएं संकलित कर इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेंगी।

# एमजीएम स्कूल में मना ओणम और रक्षाबंधन का पर्व



**इटारसी, देशबन्धु।** आज एमजीएम स्कूल, इटारसी में ओणम और रक्षा बंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के वाईस प्रेसिडेंट जोजी राजन, प्राचार्य अनुराग दीवान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पारंपरिक भारतीय परिधान में कार्यक्रम में भाग लिया।

छात्रों ने कविता, भाषण एवं नृत्य के माध्यम से ओणम एवं रक्षा बंधन पर्व का वर्णन किया। तत्पश्चात नाटिका के माध्यम से राजा महाबली व उनके साम्राज्य का वर्णन किया गया कि किस प्रकार राजा महाबली ने भगवान विष्णु से हर वर्ष केरल में अपने भक्तों के लिए दर्शन का वरदान मांगा गया।

भाई-बहनों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर कार्यक्रम का समापन किया। संस्था वाईस प्रेसीडेंट एवं प्राचार्य ने ओणम और रक्षा बंधन पर बधाई दी और कहा कि पर्व हमारे जीवन में खुशियां और उमंग लाते हैं।

कार्यक्रम का संचालन वेदांत बामने व तनु चौरे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा 6वीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों व शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन शाला नायक मुकुल तोमर ने किया।

## रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति एक्सप्रेस की संचालन अवधि बढ़ाई

**इटारसी,देशबन्धु।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के लिए गाड़ी संख्या 01665/01666 रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। निर्णय अनुसार गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 30 नवंबर 2023 तक तथा गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 03 दिसंबर 2023 तक चलती रहेगी। इससे पूर्व गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन को 28 सितंबर 2023 तक तथा गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन को 01 अक्टूबर 2023 तक चलाने का निर्णय लिया था, जिसे क्रमश: 30 नवंबर 2023 तथा 03 दिसंबर 2023 तक बढ़ाया गया है।

**गाड़ी की समय सारणी:** गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला एक्सप्रेस स्पेशल 30 नंबवर 2023 तक प्रति गुरुवार को रानी कमलापति स्टेशन से 15.30 बजे प्रस्थान कर, 16.28 बजे नर्मदापुरम पहुंचकर, 16.30 बजे प्रस्थान कर, 17.05 बजे इटारसी पहुंचकर, 17.25 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, तीसरे दिन 19.55 बजे अगरतला स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 03 दिसंबर 2023 तक प्रति रविवार को अगरतला स्टेशन से 15.00 बजे प्रस्थान कर, तीसरे दिन 14.40 बजे इटारसी पहुंचकर,14.50 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, 15.08 बजे नर्मदापुरम पहुंचकर, 15.10 बजे प्रस्थान कर, 16.35 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

## स्वच्छता सर्वे में फीड बैक फॉर्म भरा रही नपा, ओटीपी से जनता डरे नहीं : सीएमओ

**इटारसी, देशबन्धु।** स्वच्छता सर्वेक्षण सर्वे में आम जनता की भागीदारी बढ़ाकर इटारसी की रैंकिंग को और बेहतर करने के लिए नगरपालिका प्रशासन ने ऑनलाइन सर्वे फीड बैक फॉर्म को भराना शुरू किया है। इसके लिए नपा ने एक अधिकृत लिंक भी जारी की है जिसके माध्यम से जनता शहर हित में फीड बैक फॉर्म भरकर अपना फीडबैक दे सकती है।

फीडबैक फॉर्म की लिंक को लेकर शहर में जनता के बीच एक डर भी बना हुआ क्योंकि इसमें ओटीपी मांगा जा रहा है। इस डर को दूर करने के लिए नपा ऑनलाइन लिंक का व्यापक प्रचार प्रसार भी कर रही हुआ। सीएमओ रितु मेहरा ने बताया कि ऑनलाइन फीड बैक फॉर्म के लिए जो लिंक दी जा रही है, उससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। उसमे आम जनता बिना डरे ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपना फीड बैक दे सकती है, इससे इटारसी शहर की रैंकिंग सुधारने में काफी मदद मिलेगी। अपने शहर को स्वच्छता रैंकिंग में नंबर दिलाने में आपका फीडबैक बहुत काम आयेगा। केवल तीन दिन का समय शेष है और आमजन को इसमें रुचि लेकर केवल दो मिनट का समय देना है और अपने शहर को सम्मान दिलाना है।

डीएचए ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस, हॉकी के जादूगर को याद किया

# मेजर ध्यानचंद चौराहा पर खिलाड़ियों को माला पहनाई



**इटारसी,देशबन्धु।** हॉकी होशंगाबाद के सदस्यों ने आज हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे, पश्चिम मध्य रेलवे जोन उपयोगकर्ता समिति के सदस्य राजा तिवारी, नगर पालिका में स्वच्छता समिति के सभापति राकेश जाधव, विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल, डीएचए के कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, जयराज सिंह भानू, सचिव कन्हैया गुरयानी ने मेजर ध्यानचंद को याद किया और उनकी स्मृति में बने मेजर ध्यानचंद चौक पर खिलाड़ियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद चौक को रंग-बिरंगी गुब्बारों से सजाया गया था। इस दौरान डीएचए के सदस्य साजिद खान, आरिफ खान, अरुण राबर्ट, शफीक, राजू हरदुआ, मन्नी छाबड़ा, गौरव, नितिन साहू, रिशु छाबड़ा, रजत भोला, रमाकांत कौल, नंदकिशोर, अमजद गोलंदाज, मेहबूब खान, मोनू गुप्ता, विशाल तोमर, राकेश, हेमू, सिद्धार्थ भदौरिया सहित अनेक खिलाड़ी मौजूद रहे।

### नपाध्यक्ष ने कहा, गांधी मैदान पर जल्द एस्ट्रोटर्फ लगेगी

नपाध्यक्ष श्री चौरे ने सभी को राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जल्द ही खिलाड़ियों के लिए गांधी मैदान पर एस्ट्रोटर्फ लगायी जाएगी। हमारे खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व में शहर का नाम रोशन कर रहे हैं। एस्ट्रोटर्फ के बाद हमारे और भी खिलाड़ी देश और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नगर का नाम रोशन करें।

## पीएसए ने किया कोच और खेल शिक्षक का सम्मान

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले इटारसी के खेल शिक्षक, कोच का सम्मान किया। जीनियस प्लानेट स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सोपास मीडिया प्रदेश प्रभारी एवं पीएसए संस्थापक शिव भारद्वाज, जाफर सिद्दीकी, संचालक जीनियस प्लानेट स्कूल, सोपास इटारसी ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश जैन, सचिव लोकेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष प्रशांत चौबे उपस्थित थे।

**इनका हुआ सम्मान :** सम्मान समारोह में क्रिकेट कोच एवं शिक्षा विभाग में खेल शिक्षक अर्पण दुबे, खेल शिक्षक वर्षा पटेल एवं राष्ट्रीय स्केटिंग कोच राकेश ठाकुर नर्मदापुरम का सम्मान पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

इस अवसर पर शिव भारद्वाज ने कहा कि एसोसिएशन 9 सितंबर दिन शनिवार को शिक्षक सम्मान समारोह का भी आयोजन करेगा। आयोजन पं. भवानी प्रसाद ऑडिटोरियम में होगा जिसमें प्राइवेट स्कूलों से चयनित 35 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया जाएगा। जाफर सिद्दीकी ने कहा कि खेल शिक्षक हमेशा एवं कोच हमेशा सम्मान से रह जाते हैं, जबकि किसी खिलाड़ी को बनाने में इनका सबसे बड़ा योगदान होता है। संचालन मनीता सिद्दीकी ने और आभार सोपास इटारसी ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश जैन ने किया।

# देखिये आज 30 की शाम को आकाश में सुंदर नजारा

**इटारसी, देशबन्धु।** कल 30 अगस्त रक्षाबंधन का चांद होगा बेहद खास। ब्लू मून नाम से दिखने जा रहे, इस सुपरमून की चमक जहां आम पूर्णिमा की तुलना में अधिक होगी वहीं उसका आकार भी कुछ बड़ा दिखेगा।

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि हमारे से लगभग 3 लाख 57 हजार 181 किमी दूर रहकर चांद आज अपनी पृथ्वी की परिक्रमा करते हुये निकट बिंदु पर होगा इस कारण वह माइक्रोमून की तुलना में लगभग 14 प्रतिशत बड़ा और 30 प्रतिशत अधिक चमकदार दिखेगा।

सारिका ने बताया कि दो पूर्णिमा के बीच 29.5 दिन का अंतर होता है और अगर पहली पूर्णिमा महीने की 1 या 2 तारीख को आती है तो दूसरी पूर्णिमा भी उस ही माह आ जाती है। एक ही अंग्रेजी कैलेंडर माह में दो पूर्णिमा आने पर दूसरी पूर्णिमा के चंद्रमा को मंथली ब्लू मून नाम दिया गया है। 1 अगस्त को पूर्णिमा के बाद आज 30 अगस्त को दूसरी पूर्णिमा है ।

ब्लू मून का दूसरा प्रकार सीजनल ब्लू मून होता है, अगर 3 महीने के किसी खगोलीय सीजन में 4 पूर्णिमा आती है, तो तीसरी पूर्णिमा का चांद सीजनल ब्लू मून कहलाता है। सीजनल ब्लूमून कम बार आता है। एक अनुसंधान के अनुसार 1100 सालों में 408 सीजनल ब्लू मून तथा 456 मंथली ब्लूमून की घटना की गणना की गई है। अगला ब्लू मून 2024 में 19 अगस्त को होगा और यह सीजनल ब्लूमून होगा।



### रक्षाबंधन का चांद होगा सुपर ब्लूमून : सारिका

सारिका ने बताया कि यह सुपर ब्लूमून नीला नहीं दिखेगा बल्कि पूर्णिमा के चांद की तरह ही चमक रहा होगा। दुर्लभ वस्तुओं या घटनाओं के नाम के आगे ब्लू लगा दिया जाता है। अत: मान्यता के अनुसार कुछ लोगों ने इसे ब्लू मून नाम दिया है।

सारिका ने बताया कि नीले नहीं सफेद चमक के साथ दिखने जा रहे ब्लूमून नाम के सुपरमून की चमक को देखिये। रक्षाबंधन बनाते हुये और हां, इसे नाम दे सकते हैं तिरंगामून क्योंकि हमारे तिरंगे के साथ चहल कदमी कर रहा है, प्रज्ञान रोवर, इस चांद के शिवशक्ति पाइंट के आसपास।

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री ने मध्यप्रदेश की सराहना की

# स्वनिधि योजना में मप्र दूसरे स्थान पर, हासिल किया 88 प्रतिशत लक्ष्य



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, जो स्ट्रीट वेंडर्स, छोटे व्यापारियों को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है, उनके स्वाभिमान की रक्षा कर रही है। इस योजना में अब नगरीय निकायों के माध्यम से कुछ ऐसे प्रावधान किए जा रहे हैं कि यह योजना सिर्फ स्ट्रीट वेंडर्स ही नहीं, बल्कि उनके परिजनों को भी विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएगी, उन्हें सुखी और समृद्ध बनाएगी।

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री भागवत कराड़ ने योजना की समीक्षा बैठक के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश की उपलब्धि की सराहना भी की। पत्रकार वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री अरविंद मेनन, प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कराड़ ने कहा कि 1 जून, 2020 से लागू की गई प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एक ऐसी योजना है जो उन लोगों को आत्मनिर्भर बना रही है, जिनके पास खुद का कुछ नहीं है। ऐसे गरीब से गरीब व्यक्ति जो नगरीय, शहरी क्षेत्रों में फल, सब्जी, अंडे, छोटी-मोटी जरूरत की चीजें बेचकर अपनी आजीविका चलाते हैं, उन्हें वित्तीय मदद देकर स्वरोजगार से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना को इतना आसान बनाया गया है कि इसके लिए आवेदन करते समय सिर्फ आधार कॉर्ड, बैंक एकाउंट और रजिस्ट्रेशन एंड रिकमेंडेशन फॉर्म की जरूरत होती है। श्री कराड़ ने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन में देश में उत्तरप्रदेश पहले स्थान पर है, जहां 90 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश है, जिसमें 88 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया है। 82 प्रतिशत के साथ गुजरात तीसरे और 79 प्रतिशत के साथ आंध्रप्रदेश चौथे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पूरे देश में अभी तक 7621 हजार करोड़ रुपये का लोन दिया गया है और इस योजना का लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाना है।

### पूरे परिवार को समृद्ध बनाएगी स्वनिधि से समृद्धि योजना

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कराड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में जल्द ही नए प्रावधान किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मिनिस्ट्री ऑफ अरबन अफेयर्स और मिनिस्ट्री ऑफ फायनेंस द्वारा संयुक्त रूप से चलाई जा रही इस योजना में हितग्राहियों के परिवार की प्रोफाइल भी तैयार की जाएगी। यह काम स्थानीय नगरीय निकायों के द्वारा किया जाएगा। इसके बाद यह देखा जाएगा कि परिवार का कौन सा सदस्य किस योजना के अंतर्गत पात्र है। फिर उसे इस योजना का लाभ दिलाया जाएगा। हितग्राहियों के परिवारों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जनधन योजना, वन नेशन वन कॉर्ड योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना आदि का लाभ दिलाकर समृद्धि की राह पर आगे बढ़ाया जाएगा। श्री कराड़ ने कहा कि इस योजना में वर्ष 2023 की समाप्ति तक 50 लाख परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

क्षेत्रीय सम्मेलन में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा

## पथ विक्रेताओं को बैंकर्स डिजिटल लेन-देन का प्रशिक्षण भी दें



**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड़ ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि स्ट्रीट वेण्डर्स को बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़े, उन्हें समय पर लोन मिले। स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण देने के बाद बैंकर्स डिजिटल लेन-देन का प्रशिक्षण भी दें। साथ ही यूपीआई साउण्ड बॉक्स भी उपलब्ध कराएं।

श्री कराड़ ने पीएम स्वनिधि की कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में हुई जोनल कांफ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि से स्ट्रीट वेण्डर की समृद्धि के लिए कार्य करने की जरूरत है। नगरीय निकाय और बैंकर्स मिलकर स्ट्रीट वेण्डर्स को स्व-रोजगारी, स्वावलंबी और समृद्ध बनाने के लिए कार्य करें। श्री कराड़ ने बताया कि एक जून 2020 से शुरू हुई पीएम स्वनिधि योजना में अगस्त-2020 में प्रतिदिन 5 हजार रजिस्ट्रेशन हो रहे थे। अब प्रतिदिन 25 हजार हो रहे हैं। उन्होंने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा कर कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को 30 सितम्बर तक प्राप्त करें। वहीं आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव ने कहा कि प्रदेश में 11 लाख 10 हजार के लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक 8 लाख 33 हजार स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 2 लाख 92 हजार से अधिक शहरी स्ट्रीट वेण्डर्स द्वारा डिजिटल लेन-देन किया जा रहा है। भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव राहुल कपूर ने कहा कि प्रदेश में अभी लगभग 43 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। प्रतिदिन 25 हजार से अधिक आवेदनों पर कार्यवाही हो रही है। कार्यशाला में अरविंद मेनन ने पीएम स्वनिधि को स्ट्रीट वेण्डर्स के जीवन में परिवर्तन लाने की योजना बताया। श्री कराड़ ने पीएम स्वनिधि योजना में सुश्री प्रिया जोशी, रवीन्द्र और मुकेश उइके को 50-50 हजार, सुश्री दीपा को 20 हजार और सोहित पाल को 10 हजार के ऋण का चेक प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने हितग्राहियों को यूपीआई साउण्ड बॉक्स भी वितरित किए। उन्होंने स्ट्रीट वेण्डर्स द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कांफ्रेंस में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सरकार के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में बैंकर्स और नगरीय निकाय के अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

## गैस सिलेंडर के दाम 2 सौ रुपए कम कर प्रधानमंत्री ने दिया रक्षाबंधन का उपहार



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की नीतियां महिला हितैषी रही है। इस दिशा में आज घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 200 रूपए कम करने का जनहितैषी निर्णय लेकर रक्षाबंधन पर्व पर देश की करोड़ों बहनों को विशेष उपहार दिया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रीमंडल में लिए गये इस निर्णय से देश भर के सभी 33 करोड एलपीजी उपभोक्ता लाभंवित होंगे। यह लोकहितकारी निर्णय भारतीय जनता पार्टी के सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को व्यक्त करता हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने केन्द्रीय केबिनेट द्वारा एलपीजी सिलेंडर के दाम 200 रूपए कम करने के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय केबिनेट का आभार व्यक्त करते हुए कही। श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की गरीब कल्याण के मिशन पर काम कर रही है।

## कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार के कामों को बताएं : हितानंद

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार के कार्यों को बताना होगा। उन्होंने कहा कि 'मेरी सरकार अच्छी सरकार' की थीम पर कार्यकर्ताओं को काम करना होगा। यह बात उन्होंने पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हर बूथ को जीतने के लक्ष्य को लेकर काम करेंगे तो पार्टी की जीत निश्चित रूप से होगी।

पिछडा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि वर्तमान में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत मोर्चा प्रदेश भर में 15 लाख नवमतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का प्रयास करेगा। इसलिए पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता आज से ही मैदान में उतर जाएं, भाजपा की जीत निश्चित रूप से होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश भर में जन आशीर्वाद यात्राएं निकाल रही हैं। जिसकी शुरूआत 3 सितंबर से होने वाली है। अलग-अलग क्षेत्रों में यह यात्राएं जाएंगी। इस दौरान मोर्चा द्वारा बैनर, पोस्टर लगाकर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही यात्रा से पिछड़ा वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए मोर्चा काम मोर्चा करेगा। उन्होंने मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से यात्राओं का भव्य स्वागत करने की बात कही।

प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी प्रबंधक मंडल की बैठक में मंत्री के निर्देश

## छात्रों को रियायती दरों पर पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्वविद्यालय में अध्यनरत अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य ईडब्ल्यूएस के विद्यार्थियों को विशेष छूट के तहत पाठ्यक्रम आधारित पुस्तक मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उच्च शिक्षा मंत्री ने सभी शासकीय विश्वविद्यालय में मध्य प्रदेश से हिंदी ग्रंथ अकादमी की पुस्तकों का बिक्री केंद्र स्थापित करने के लिए भी कहा, जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकें आसानी से उपलब्ध हो सकें। यह निर्देश उन्होंने आज यहां मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के प्रबंधक मंडल की बैठक में दिए।

उन्होंने बैठक में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रम एवं संदर्भ ग्रंथ की प्रकाशित पुस्तकों के लेखकों की भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा विषय पर आधारित कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

इस अवसर अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि तथा कुलपति डॉ. हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर, देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय सतना, अटल बिहारी वाजपई हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर, रमाशंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा मनोनीत सदस्य मध्यप्रदेश से हिंदी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कडेल उपस्थित मौजूद रहे।

## मालवीय ने ली भाजपा की सदस्यता



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में सामाजिक कार्यकर्ता पवन मालवीय ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने श्री मालवीय को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। श्री मालवीय कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री, चार बार विधायक एवं पूर्व सांसद रहे स्व. बाबूलाल मालवीय के पौत्र एवं देवास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रहे स्व. श्याम मालवीय के पुत्र है।

# यूरोप में महका मप्र का महुआ



### महुआ चाय, महुआ पावडर, महुआ स्नेक्स का स्वाद भा गया

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश का महुआ अब यूरोप के नागरिकों में एथनिक फ़ूड के रूप में पहचान बना रहा है। यूरोप के फ़ूड मार्केट में महुआ से बने खाद्य पदार्थ दिखने लगे हैं और पसंद किए जा रहे हैं।

यूके की लंदन स्थित कंपनी ओ-फारेस्ट ने महुआ के कई प्रोडक्ट बाजार में उतारे हैं। इनमें मुख्य रूप से महुआ चाय, महुआ पावडर, महुआ निब-भुना महुआ मुख्य रूप से पसंद किये जा रहे हैं। ओ-फारेस्ट ने मध्यप्रदेश से 200 टन महुआ खरीदने का समझौता किया है। इससे महुआ बीनने वाले जनजातीय परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। महुआ जनजातीय समाज के लिए अमृत फल है। महुआ लड्डू और महुआ से बनी देशी हेरिटेज मदिरा उनके पारम्परिक व्यंजन हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में सबसे पहले महुआ और अन्य वनोपजों का समर्थन मूल्य घोषित किया था। इससे महुआ बीनने वाले जनजातीय परिवारों को बिचौलियों से मुक्ति मिल गई है। उन्हें बाजार में भी अच्छे दाम मिलने लगे हैं। महुआ अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जाने से महुआ बीनने वाले जनजातीय परिवारों को अच्छी कीमत मिलेगी। महुआ का समर्थन मूल्य 35 रूपये किलो है। यूरोप में महुआ की खपत होने से उन्हें 100 से 110 रूपये प्रति किलो का मूल्य मिलेगा।

प्रदेश में महुआ बहुतायत में होता है। एक मौसम में करीब 7 लाख 55 हजार क्विंटल तक मिल जाता है। पूरी तरह महुआ फूल से लदा एक पेड़ 100 किलो तक महुआ देता है। करीब 3 लाख 77 हजार परिवार महुआ बीनकर अपना घर-परिवार चलाते हैं। एक परिवार कम से कम तीन पेड़ों से महुआ बीनता है। साल में औसतन दो क्विंटल तक महुआ बीन लेता है। कुल महुआ संग्रहण का 50 प्रतिशत उमरिया, अलीराजपुर, सीधी, सिंगरौली, डिण्डौरी, मण्डला, शहडोल और बैतूल जिलों से होता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के निर्देश पर महुआ संग्राहकों को कई सुविधाएं दी गई हैं।

ओ-फारेस्ट कंपनी की सह-संस्थापक सुश्री मीरा शाह बताती हैं कि महुआ फल प्रकृति का उपहार है। मध्यप्रदेश सरकार के साथ काम करते हुए हमें बेहद खुशी है कि हमें महुआ फल की उपज को उत्सव की तरह मनाने और जनजातीय संस्कृति में इसका संरक्षण करने का अवसर मिला। वे कहती हैं कि समर्थन मूल्य पर महुआ फूल की खरीदी सरकार का एक बड़ा कदम है। इससे खादय पदार्थ के रूप में महुआ का महत्व बढ़ेगा और इसकी पहुँच बड़े बाजारों तक होगी। महुआ बीनने वाले परिवारों की आमदनी बढ़ेगी और वे महुआ पेड़ों को सहेजने के लिए प्रेरित होंगे। वे कहती हैं कि वैज्ञानिक रूप से एकत्र महुआ फूल का मूल्य कई गुना बढ़ जाता है।

यूरोप के बाजार में महुआ से बने खादय पदार्थों की बढ़ती पसंद के बारे में पूछने पर सुश्री मीरा शाह बताती हैं कि लाखों लोग एक देश से दूसरे देश आते-जाते हैं। वे अन्य देशों की खान-पान संस्कृति से भी परिचित होना चाहते हैं। इस प्रकार मध्यप्रदेश के महुआ से बने खादय पदार्थों के प्रति रूचि बढ़ रही है। वे कहती हैं कि यूके में जनसंख्या की विविधता है इसलिए दुनिया के हर देश का व्यंजन और खादय पदार्थ यहाँ मिल जाता है।

महुआ फूल से बनी मदिरा को हेरिटेज वाइन के रूप में प्रस्तुत करने के लिए राज्य सरकार ने नीति बनाई है। जनजातीय क्षेत्र के स्व-सहायता समूहों को ही इसे बनाने का लाइसेंस दिया जायेगा। हर स्व-सहायता समूह अपने उत्पाद का अलग नाम रख सकता है। जिले में एक से अधिक स्व-सहायता समूहों को भी लाइसेंस मिल सकता है। स्व-सहायता समूहों के सदस्यों में कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होना चाहिए।

## प्रदेश में वरिष्ठजन के लिए है हेल्प लाइन 14567

**भोपाल, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने कहा कि वरिष्ठजन की सहायता के लिए प्रदेश में हेल्प एज इंडिया के माध्यम से हेल्प लाइन नंबर 14567 संचालित है। हेल्प लाइन पर इस वर्ष प्राप्त 13 हजार 923 कॉल पर सतत कार्यवाही जारी है। मई 2021 से प्रदेश में आरंभ हेल्प लाइन द्वारा वरिष्ठजन को उनसे संबंधित विभिन्न सेवाओं, समस्याओं के निदान की जानकारी दी जाती है।

**माता-पिता के भरण-पोषण के लिए 10 हजार रूपये का प्रावधान :** मध्यप्रदेश में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भरण-पोषण और कल्याण नियम 2009 भी लागू है। इसमें राज्य शासन के अधीन कार्यरत शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, अर्धशासकीय उपक्रम, निगम, स्थानीय निकाय के कर्मचारियों के वेतन से अधिकतम 10 हजार रूपये काट कर भरण-पोषण के लिए उनके माता-पिता के बैंक खाते में जमा करने का प्रावधान है।

**11 नवीन वृद्धाश्रम का निर्माण :** निराश्रित वृद्धजन के लिए अलग-अलग जिलों में प्रति भवन 3 करोड़ 19 लाख की लागत से 11 नवीन वृद्धाश्रम भवन का निर्माण कराया गया है। प्रदेश में 77 वरिष्ठ आश्रमों में 2208 वरिष्ठजन को लाभांवित किया जा रहा है। आर्थिक रूप से सक्षम एकाकी जीवन जीने वाले वरिष्ठजन के लिए भोपाल में लगभग 17 करोड़ रूपये की लागत से पेड ओल्ड ऐज होम का निर्माण अंतिम चरण में है। इस होम में वरिष्ठजन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ होंगी।

# नक्सली रेड्डी को जबलपुर पहुंचने में मदद करने वाला गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** मप्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एटीएस ने गत 21 अगस्त को जबलपुर से गिरफ्तार किए गए 21 लाख के ईनामी नक्सली अशोक रेड्डी को जबलपुर पहुंचाने वाले धनसिंह मुंगाटी को गिरफ्तार कर लिया है। पहले से उस पर नजर रख रही एटीएस ने उसे जबलपुर से मंडला जाते समय कालपी के पास से गिरफ्तार किया है।

आरोपी को एटीएस ने सोमवार को जबलपुर में एनआइए की विशेष अदालत में पेश किया। यहां से उसे 31 अगस्त तक पूछताछ के लिए एटीएस ने रिमांड पर ले लिया है। एटीएस के अधिकारियों की मानें तो धन सिंह कांकेर (छत्तीसगढ़) का रहने वाला है। एटीएस को उसने बताया कि वह 25-30 वर्ष से नक्सलियों से जुड़ा है। समय-समय पर उन्हें नगदी, खाने-पीने की चीजें, उनके द्वारा बताए गए कार्य और उनसे संबंधित सूचनाएं पहुंचाता रहा है।

उल्लेखनीय है कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एटीएस ने अशोक रेड्डी उर्फ बलदेव और उसकी पत्नी पोटाई उर्फ रैमती को 21 अगस्त को जबलपुर से गिरफ्तार किया था। आरोपी के पास से पुलिस को नक्सली साहित्य और हथियार मिले थे। उस पर छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना आंध्र प्रदेश में देश विरोधी गतिविधि, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट सहित दर्जनों अपराध पंजीबद्ध हैं।

# महाराष्ट्र में अधूरी मांगों को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

- मंत्रालय के अंदर सुरक्षा जाल पर कूदे
- पीडब्ल्यूडी मंत्री का घेराव करने का किया प्रयास



**मुंबई, एजेंसी।** वर्धा के सैकड़ों किसान अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध-प्रदर्शन के दौरान कई किसान मंगलवार को लंबित मांगों पर दबाव बनाने के लिए राज्य सरकार के मुख्यालय, मंत्रालय के प्रतीक्षा कक्ष में लगाए गए भारी सुरक्षा जालों पर कूद गए। किसान कथित तौर पर वहां स्थापित एक चिकित्सा शिविर में भाग लेने के लिए छोटे समूहों में मंत्रालय के अंदर आए थे। लेकिन अचानक उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए और पीडब्ल्यूडी मंत्री दादा भुसे का घेराव करने की कोशिश की और फिर सुरक्षा जाल पर कूद गए। किसानों ने अपर वर्धा एक्शन कमेटी लिखे काले पोस्टर भी लहराए और कहा कि बार-बार याद दिलाने के बावजूद उनकी मांगें नहीं मानी गईं। किसान नेताओं ने दावा किया कि कई किसानों ने लगभग चार महीने पहले प्रस्तावित ऊपरी वर्धा बांध परियोजना के लिए सरकार को अपनी जमीनें दे दी थीं, लेकिन अब तक उन्हें आश्वासन के मुताबिक कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। शिवसेना (यूबीटी) के किसान चेहरे किशोर तिवारी ने कहा कि यह वर्तमान राज्य सरकार की किसानों के प्रति पूर्ण असंवेदनशीलता का एक और उदाहरण है जिसके कारण वे महाराष्ट्र में लगभग हर दिन आत्महत्या कर रहे हैं।

आम आदमी पार्टी की मुंबई अध्यक्ष प्रीति शर्मा-मेनन ने चिंता व्यक्त करते हुए इस मुद्दे पर सरकार की आलोचना की।

### किसानों ने आत्महत्या करने की दी चेतावनी

प्रदर्शनकारी किसानों में से एक ने चेतावनी दी कि हम कई हफ्तों से मंत्रालय और संबंधित विभागों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन हमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे या उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार से मिलने की अनुमति नहीं है अगर सरकार कल तक कार्रवाई करने में विफल रहती है, तो हम आत्महत्या कर लेंगे। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा जाल पर अपनी मांगों के पत्रक और पोस्टर फेंके और फिर उनमें से दो दर्जन से अधिक लोग पहली मंजिल से उस पर कूद गए, जबकि मंत्रालय के कर्मचारी और अन्य लोग इस सनसनीखेज घटनाक्रम को देखने के लिए दौड़ पड़े। बाद में, भुसे उनके प्रतिनिधियों से मिलने और उन्हें शांत करने के लिए गए।

इसके बाद पुलिस ने सुरक्षा-जाल से किसानों को एक-एक करके सुरक्षित स्थान पर हटा दिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**गैस सिलेंडर 2 सौ....** को दामों में बदलाव किया गया था। तब भी कीमतें 50 रुपए बढ़ाई गई थी। जून 2020 से एलपीजी सिलेंडर पर गैस सिलेसब्सिडी नहीं मिल रही है। दिल्ली में जून 2020 में बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर 593 रुपए में मिलता था, जो अब 903 रुपए का हो गया है। अब केवल उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 200 रुपए की सब्सिडी मिलती है। उज्जवला के लाभार्थियों को अब सिलेंडर करीब 700 रुपए में मिलेगा।

**ये है इंडिया का....** बनर्जी के इस पोस्ट को 'इंडिया' गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी शेयर किया है।

**एक साल में 27 फीसदी...** डेटा के मुताबिक मूंग दाल की औसत कीमतें एक साल पहले 29 अगस्त 2022 को 102.35 रुपए किलो हुआ करती थी जिसकी कीमत अब बढ़कर 111.19 रुपए हो चुकी है। उड़द दाल एक वर्ष पूर्व 108.25 रुपए में मिल रही था जो अब 6.25 फीसदी महंगी 115.02 रुपए प्रति किलो में मिल रही है। एक साल पहले मसूर दाल की औसत कीमत 92.09 रुपए प्रति किलो हुआ करती थी जो अब 97.16 रुपये प्रति किलो हो चुकी है। चना दाल की कीमतों में भी अब उछाल देखने को मिल रहा है। एक साल पहले चना दाल 74.15 रुपए किलो में मिल रहा थी जो अब 77.9 रुपए प्रति किलो में मिल रही है।

हाल के दिनों में अरहर और उड़द दाल की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर सरकार ने कई फैसले लिए हैं। सरकार ने दाल आयात करने वाले आयातकों को कस्टम क्लीरेंस मिलने के बाद 30 दिनों के भीतर बाजार में दाल उतारने की हिदायत दी है। कस्टम क्लीरेंस मिलने के बाद 30 दिनों से ज्यादा स्टॉक को अपने पास होल्ड कर ना करें। साथ ही हर शुक्रवार को सभी आयोतकों को विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर अरहर और उरद दाल के होल्डिंग स्टॉक की जानकारी देने को कहा गया है। इसी महीने 17 अगस्त 2023 से केंद्र सरकार ने भारत दाल के नाम से चना दाल बेचने का ऐलान किया है। भारत दाल स्कीम के तहत सरकार आम लोगों को सस्ती कीमत पर दाल उपलब्ध कराने के लिए 60 रुपए प्रति किलो के सब्सिडी वाले रेट पर चना दाल बेचने का ऐलान किया है तो 30 किलो का पैक 55 रुपए प्रति किलो के भाव पर बेचा जा रहा है।

**मुंबई में इंडिया व एनडीए....** एनसीपी अजित पवार गुट के विधायक सुनिल तटकरे ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता 31 अगस्त को मुंबई में जुटेंगे। इस दिन महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर होस्ट करेंगे। इसके अगले दिन सुबह 11 बजे से बैठक शुरू होगी। इसमें 26 दलों के शामिल होंगे। वहीं कांग्रेस ने दावा किया है कि नॉर्थ-ईस्ट के कुछ दल भी विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे। लालू प्रसाद के प्रधानमंत्री पर हमला बोलने से सियासत गरमा गई है। भाजपा उनके इस बयान का विरोध कर रही है। भाजपा का कहना है कि लालू प्रसाद देश के प्रधानमंत्री का अपमान कर रहे हैं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।